हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 90, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 27 सितम्बर, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

विकास में तकनीकी संस्थाओं का रोल अहम : सीएम योगी

गोरखपुर में मुख्यमंत्री एमएमएमयूटी में प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व प्रदेश के विकास में तकनीकी संस्थाओं का योगदान अहम हैं। समाज को इस तकनीक का लाभ देने के लिए तकनीकी संस्थाओं का आगे आना होगा। वे मंगलवार को मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में निर्मित आधुनिक प्रशासनिक भवन के लोकार्पण अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी आदित्यनाथ मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर आए हुए हैं। उन्होंने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद वह गोरखनाथ मंदिर के लिए निकल गए। बता दें कि सीएम योगी एमएमएमयूटी में 11.86 करोड़ की लागत से तैयार हुए नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किए। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एक दिन पहले से पूरी तैयारियां करवा दी थी। एमएमएमयूटी के प्रशासनिक भवन की टॉप फ्लोर पर कुलपति कार्यालय और प्रति कुलपति

कार्यालय बनाया गया है। उसी फ्लोर पर सामने दो सौ लोगों के बैठने के लिए हॉल तैयार किया गया है। प्रथम तल पर रजिस्ट्रार कार्यालय के साथ ही सभी संकायाध्यक्षों के कार्यालय होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर दाहिने तरफ परीक्षा विभाग और बाएं तरह वित्त विभाग होगा। बेसमेंट में पार्किंग के अलावा लिफ्ट, बिजली और फायर का कंट्रोल रूम होगा। अब पुराने प्रशासनिक भवन में फिलहाल फामेर्सी की पढ़ाई होगी। फामेर्सी के लिए नया भवन बन रहा है। नया भवन बन जाने के बाद वहां फामेर्सी विभाग को शिफ्ट किया जाएगा। उसके बाद विवि प्रशासन अपनी सुविधानुसार इस भवन में नए कोर्स शुरू कर सकता है।

यूपी एटीएस ने आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एजेंट को किया गिरफ्तार, खूफिया जानकारी लेकर देता था पैसे

लखनऊ। यूपी एटीएस ने आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने वाले एजेंट को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। शैलेश कुमार उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान ने वाट्सएप और फेसबुक के जरिए भारतीय सेना की कई अहम जानकारियां आईएसआई को लीक की। यूपी एटीएस के अनुसार, सूचना प्राप्त हो रही थी कि आईएसआई के द्वारा भारत के कुछ लोगों को लालच देकर भारतीय सेना की गोपनीय सूचनओं एवं उनके परिचालन की जानकारी प्राप्त की जा रही हैं। जांच में पाया गया कि शैलेश कुमार नाम के व्यक्ति ने वाट्सएप व फेसबुक के माध्यम से भारतीय सेना की महत्वपूर्ण जानकारियां पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई के साथ साझा की। आरोपी शैलेश ने लगभग आठ महीने भारतीय सेना में अरुणाचल प्रदेश में एक अस्थाई श्रमिक के रूप में काम किया है जिसके कारण उसके पास सेना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां थीं। वह वर्तमान में सेना के किसी भी पद पर कार्यरत नहीं है फिर भी उसने फेसबुक प्रोफाइल में खुद को सेना में कार्यरत बताया है। यूपीएटीएस ने बताया कि शैलेश सबसे पहले हरलीन कौर नाम की फेसबुक आईडी के संपर्क में आया। इसके बाद एक अन्य आईएसआई हैंडलर प्रीति से बातें करने लगा। सेना की फोटो और वीडियो के बदले उसे अप्रैल में फोन पे पर 2000 रुपये भी प्राप्त हुए। इसके बाद कई बार वह सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई हैंडलर प्रीति और हरलीन कौर को देता रहा और उसे रुपये प्राप्त होते रहे।

सपा कार्यालय से हटाई गई मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में समाजवादी पार्टी के दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव की सपा कार्यालय में छह फीट ऊंची प्रतिमा लगाई गई थी। अधिकारियों नें मंगलवार को बताया नगर पालिका परिषद के बिना मंजूरी के यह प्रतिमा लगाई गई थी। जिसे नोटिस के बाद हटा दिया गया है। सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने यह प्रतिमा सपा कार्यालय के चतूबरे पर लगवाई थी, जो कि नगर पालिका परिषद के ऑफिस से कुछ ही दूरी पर है। 23 सितंबर को नगर निकाय ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए एक नोटिस जारी किया और एसपी कार्यालय में इसकी एक प्रति चिपका दी थी। जारी किए गए नोटिस के अनुसार, 24 घंटे के अंदर प्रतिमा को हटाने का समय दिया था। नोटिस को अनदेखा करने पर कार्रवाई की बात कही गई थी। सपा जिलाध्यक्ष ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। वहीं सपा जिला उपाध्यक्ष अलंकर सिंह ने बताया कि "पार्टी के सदस्यों ने 10 लाख रुपये इकट्ठे किए और मूर्ति बनवाई।" उन्होंने बताया कि प्रशासन ने हम पर दबाव बनाकर इसे हटवा दिया। नोटिस जारी होने के बाद हमने 23 सिंतबर को खुद ही मूर्ति हटा दी थी।

महिला आरक्षण : कांग्रेस ने पीएम मोदी को बताया अपना स्टार प्रचारक, कहा- 1989 में भाजपा की वजह से अटका था बिल

नई दिल्ली। महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का बयान सामने आया है। उन्होंने पीएम मोदी को अपना स्टार प्रचारक बताया है। पवन खेड़ा ने कहा कि हम पीएम मोदी को अपना स्टार प्रचारक मानते हैं, वह कहते रहते हैं कि कांग्रेस महिला आरक्षण बिल के खिलाफ है, लेकिन मैं आपको याद दिला दूं कि 1989 में जब राजीव गांधी ने राज्यसभा में इस बिल का प्रस्ताव रखा था। इसका विरोध बीजेपी नेताओं अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, जसवन्त सिंह ने किया।

यह बिल उस समय पारित हो सकता था, लेकिन उनके नेताओं ने इसका विरोध किया। इससे पहले कांग्रेस नेता अलका लांबा का भी बयान सामने आया था। उन्होंने कहा था कि महिला आरक्षण आवश्यक है, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर समर्थन करती है। महिला आरक्षण बिल पास हो गया, किंतु यह समझना आवश्यक है कि केंद्र सरकार की माने तो भी 2029 से पहले महिला आरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार यह खुद स्वीकार कर रही है कि क्रियान्वयन 2029 से पहले नहीं होगा तो संसद का विशेष सत्र बुलाना, ताम-झाम व साज-सज्जा केवल वाहवाही लूटने के लिए की गई। किंतु देश की आधी आबादी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। गौरतलब है कि बिल के

लागू होने से प्रदेश की 70 विधानसभा सीटों में 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। पार्टी ने कहा, 23 महिलाएं विधानसभा पहुंचेंगी। इससे महिलाएं राजनीतिक तौर पर सशक्त होंगी। साथ ही 33 फीसदी आरक्षण मिलने से देश के सर्वोच्च सदन में महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी।

भारत में टीबी रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा- छह महीने का है स्टॉक

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को दावा किया कि देश में टीबी रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और करीब छह महीने या उससे ज्यादा दिनों का स्टॉक मौजूद है। बता दें कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि देश में टीबी रोधी दवाओं की कमी है, साथ ही राष्ट्रीय टीबी निवारण कार्यक्रम के तहत दी जा रहीं इन दवाओं के असर पर भी सवाल खड़े किए गए थे। अब स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन खबरों को गलत बताया और दावा किया कि देश में टीबी रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं है। टीबी मरीजों को ड्रग सेंसेटिव इलाज में दो महीने के लिए चार दवाओं आइसोनियाजिड, रिफामपिसिन, एथामबुटोल और पिराजिनामाइड का कोर्स कराया जाता है। इसके बाद अगले दो महीनों तक तीन दवाओं आइसोनियाजिड, रिफामपिसिन और एथामबुटोल का कोर्स कराया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

'जरा बताइए कितनी महिलाओं को दिया टिकट', महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर तेजस्वी से पीके ने पूछा

मड़वन। केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में लाए महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण के लिए तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार बिहार व देश में आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करना चाहिए या नहीं। इस सवाल पर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अपनी राय साफ की है। प्रशांत किशोर ने मंगलवार को कहा कि जो आंदोलन करना चाह रहे हैं, उनको करने दीजिए। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि महिला आरक्षण जो लागू हुआ है वो ठीक है, इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि आंदोलन करने वाले बेवकूफ लोग हैं। उनको न महिला आरक्षण से मतलब है, न महिलाओं की स्थिति से। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनको मतलब है कि इसमें राजनीति होती रहे और कुछ न कुछ करके इसमें अपनी रोटी सेंकते रहें। जो लोग आज कह रहे हैं कि महिला आरक्षण में

ओबीसी के लिए आरक्षण अलग से होनी चाहिए, ठीक है पहले आरक्षण आने दीजिए फिर अलग से ओबीसी के लिए भी आरक्षण लागू कर दीजिएगा। उन्होंने कहा कि आरजेडी-जेडीयू से जरा पूछिए कि आपने अपनी पार्टी में कितनी ओबीसी महिलाओं को टिकट दी है। जो मुसलमान समाज के लोग हैं, वो भाजपा के डर से लालटेन को वोट दे रहे, इनको न जाति से मतलब है, न काम से, इनको सिर्फ एक चीज से मतलब है कि भाजपा हारनी चाहिए। प्रखंड के बसंतपुर में पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि अगर सिर्फ जाति पर ही पूरे बिहार में वोट पड़ता तो मोदी को बिहार में वोट कैसे मिलता। मोदी की जाति का तो बिहार में कोई नहीं रहता है। जो मुसलमान समाज के लोग हैं, वो जाति पर तो वोट नहीं दे रहे हैं, वो लालटेन को क्यों वोट दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में वोट चार वजह से पड़ता है, पहला जाति है, दूसरा धर्म है, तीसरा लालू के डर से लोग भाजपा को वोट देते हैं और चौथा जो मुसलमान समाज है वो भाजपा के डर से लोग लालटेन को वोट देते हैं।

दिल्ली में सनसनीखेज वारदातः जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम से चोरों ने दीवार काटकर 25 करोड़ के जेवरात किए चोरी

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में अब तक सबसे बड़ी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पॉश इलाके जंगपुरा में स्थित उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए। दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी होने से दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि चोर स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे और वहां रखी सारी ज्वेलरी ले गए। निजामुद्दीन थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जंगपुरा में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम है। शोरूम के मालिक महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि वह रविवार को देर शाम को शोरूम ठीक से बंद करके गए थे। जंगपुरा मार्केट सोमवार को बंद रहती है। वह मंगलवार सुबह शोरूम पर पहुंचे तो देखा कि शोरूम का दरवाजा खुला हुआ था। पूरा शोरूम खाली पड़ा था। चोरों ने शोरूम के सीसीटीवी कैमरे भी खराब कर दिए। पुलिस शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि वह रविवार को दुकान बंद करके गए थे और मंगलवार की सुबह जब दुकान खोली तो उन्हें पूरी दुकान में धूल दिखाई दी। पता लगाने पर पता चला कि चोरों ने स्ट्रांग रूम की दीवार को तोड़कर उसमें घुसे थे। मालिक का कहना है कि करीब 20-25 करोड़ की ज्वेलरी चोरी हुई है। इसमें 5-7 लाख रुपये नकद भी बताए जा रहे हैं। शोरूम के सभी कर्मचारी मंगलवार सुबह ड्यूटी पर आए थे। बताया जा रहा है कि चोर छत का ताला तोड़कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचे थे। मौके पर स्थानीय थाना की पुलिस टीमें व पीसीआर की टीमें पहुंच गईं। साथ ही क्राइम टीम को और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया।

'करोड़ों का घोटाला, छत्तीसगढ़ की जनता के साथ छलावा', बघेल सरकार पर बीजेपी ने दागे सवालों के बाण

नई दिल्ली। इस साल के अंतिम महीनों में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है। छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे राज्यों में कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया है।

वहीं, संवाददाता सम्मेलन के जरिए संबित पात्रा ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना भी साधा। बघेल सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए संबित पात्रा ने बघेल सरकार पर 600 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया है। वहीं, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नक्सलियों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में केंद्रीय योजनाओं को अवरुद्ध कर दिया। कांग्रेस धर्मांतरण विरोधी कानून के खिलाफ खड़ी थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों को धोखा दिया है। मुझे बहुत दुख के

साथ कहना पड़ रहा है कि लाखों किसान छत्तीसगढ़ से पंजीकृत हुए मगर वो स्थापित (वेरिफाइड) नहीं हो सके।

आज छत्तीसगढ़ में नरेंद्र मोदी जी के किसान सम्मान निधि के छह हजार प्रति वर्ष से वंचित है। अन्नदाता तक पैसे कैसे नहीं पहुंचे वो कांग्रेस ने किया है। संबित पात्रा ने भूपेश बघेल सरकार पर तंज कसते हुए कहा, "छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की 'ठगेश सरकार' ने लाखों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाले 6,000 रुपये से वंचित कर दिया।" संबित पात्रा ने आगे कहा,"छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के तहत करोड़ों रुपये के घोटाले हुए हैं। राज्य में कांग्रेस सरकार के तहत खनन माफिया और अपराधियों को खुली छूट दी गई है। कोविड के दौरान एकत्र किया गया उपकर (सेस) कहां है? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के तहत यौन उत्पीड़न के कई मामलों में कार्रवाई नहीं की गई है।

आशीष मिश्रा को SC से मिली राहत, मां-बेटी की देखभाल के लिए शर्त के साथ मिली जमानत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में आठ किसानों की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को सर्वोच्च न्यायालय से थोड़ी राहत मिली है। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे को दिल्ली में रहने की इजाजत दी गई है। उन्हें बीमार मां और बेटी की देखभाल के लिए ये राहत दी गई है। इससे पहले जनवरी महीने में आशीष मिश्रा को आठ हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। हालांकि, उन्हें यूपी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन्हें मामले के संबंध में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेने या मीडिया को संबोधित नहीं करने का निर्देश दिया है। बता दें कि उनकी मां नई दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, उनकी बेटी के पैर की इलाज चल रही है। बताते चलें कि 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी जिल के तिकुनिया में आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार और राज्य में योगी सरकार पर निशाना साधा था। यूपी पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, चार किसानों को जिस एसयूवी से कुचला गया था, उसमें आशीष मिश्रा बैठे थे। इस घटना में एसयूवी चला रहे दो ड्राइवर की भी किसानों ने हत्या कर दी थी। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

टैंक से ट्रैक्टर पर आई पाकिस्तानी सेना, आर्थिक बदहाली से छुटकारा दिलाने को कब्जाई 10 लाख एकड़ जमीन

कराची। पाकिस्तान बुरे आर्थिक हालातों से गुजर रहा है। यहां के लोग हर छोटी से छोटी सुविधा के लिए जूझ रहे हैं। महीनों से चली आ रही आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए पाकिस्तानी सेना ने कमर कस ली है। इसके लिए उसने देश में 10 लाख एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर कब्जा किया है। अब इसी जमीन पर पाकिस्तानी सेना खेती करने जा रही है। हालांकि, इस कदम ने देश में सेना की व्यापक उपस्थिति के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नया खाद्य सुरक्षा अभियान नए साल की शुरूआत से शुरू किया जाएगा। यह काम नागरिक सैन्य निवेश निकाय के जरिए किया जाएगा। बता दें, योजना का उद्देश्य पट्टे पर राज्य की भूमि पर सेना द्वारा संचालित खेतों के माध्यम से फसल उत्पादन को बढ़ावा देना है। योजना के मुताबिक, सेना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 10 लाख एकड़ (405,000 हेक्टेयर) जमीन का अधिग्रहण करेगी। यह दिल्ली से लगभग तीन गुना बड़ा क्षेत्र है। इस योजना का समर्थन करने वालों का दावा है कि इससे फसल की बेहतर पैदावार होगी और पानी की बचत होगी। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के बीच पाकिस्तान को इसकी सख्त जरूरत है। फसल बेचने से होने वाले लाभ का लगभग 20 प्रतिशत कृषि अनुसंधान और विकास के लिए रखा जाएगा। निक्केई एशिया ने लीक हुए सरकारी दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि बाकी को सेना और राज्य सरकार के

बीच समान रूप से विभाजित किया जाएगा। हालांकि, इस योजना को चुनौतियों के साथ-साथ विभिन्न वर्गों से आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेजों से पता चलता है कि सेना को गेहूं, कपास और गन्ना जैसी फसलों के साथ-साथ सब्जियां और फल उगाने के लिए 30 साल तक के पट्टे दिए जाएंगे। कई लोगों ने चिंता जताई है कि सेना पहले से ही काफी शक्तिशाली है। ऐसे में वह खाद्य सुरक्षा अभियान से भारी मुनाफा कमा सकती है और इससे पाकिस्तान के करोड़ों ग्रामीण भूमिहीन गरीबों को नुकसान होगा। आलोचकों ने बताया कि यह नया कदम पाकिस्तान की सेना को देश की सबसे बड़ी भूमि मालिक के रूप में मजबूत कर सकता है। लोगों का कहना है कि सेना का काम बाहरी खतरों से रक्षा करना और अनुरोध किए जाने पर नागरिक सरकार की सहायता करना है। निक्केई एशिया ने लीक दस्तावेजों के हवाले से कहा कि अधिकांश भूमि चोलिस्तान रेगिस्तान में है जो पानी की कमी से ग्रस्त है। एक लाख एकड़ से अधिक जमीन आसपास के जिलों में है, जो सेना को दी जानी है। उल्लेखनीय है कि लाहौर उच्च न्यायालय ने पहले जमीन को देने पर रोक लगाने का आदेश दिया था, लेकिन जुलाई में एक अन्य पीठ ने इस फैसले को पलट दिया। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सेना को मिलने वाली जमीन पर पहले से कोई खेती की जा रही थी या नहीं।

मैं घूम रहा हूं और आप गायब हैं..., सीएम नीतीश के फोन से सकते में आ गए शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को मुख्य सचिवालय के बदले अचानक विकास भवन पहुंच गए और शिक्षा विभाग का जायजा लिया। इससे वहां मौजूद अधिकारी से लेकर कर्मचारियों सभी में हड़कंप मच गया। दरअसल, बिहार में दिनों शिक्षा विभाग खासा चर्चा में बना हुआ है। इसके दो कारण हैं। पहला- शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर और विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बीच टकराव। दूसरा- बिहार के स्कूलों की दशा सुधारने के लिए अपर मुख्य सचिव केके पाठक की ओर से एक के बाद एक लिए जा रहे फैसलों के चलते। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास भवन पहुंचे और शिक्षा विभाग का जायजा लिया। इस दौरान, शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर को अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद सीएम नीतीश ने शिक्षा मंत्री को कॉल किया और कहा- मैं आपके विभाग में घूम रहा हूं और आप बाहर हैं। बता दें कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक भी नहीं मिले। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार स्वास्थ्य विभाग पहुंचे और वहां निरीक्षण किया, लेकिन वह भी उन्हें विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय नहीं मिले। इसके बाद, उद्योग विभाग गए वहां उन्हें उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव से भेंट हुई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि केवल यहीं पर अधिकारी समय पर मिले हैं। मुख्यमंत्री सुबह करीब 10 बजे भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी के कक्ष में पहुंच गए, उस वक्त वहां अशोक चौधरी अनुपस्थित थे। सीएम के पहुंचने के दो मिनट बाद मंत्री पहुंचे तो नीतीश ने कहा कि आज आपको अनुपस्थित माना गया है।

संपादकीय

पराली का प्रबंधन और हरियाणा सरकार की वायु गुणवत्ता कार्ययोजना

अमूमन हर वर्ष हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने से पैदा परेशानी चिंता का कारण बनती रही है, लेकिन इस पर काबू पाने की कोशिशें अब तक आधी-अधूरी ही रही हैं। अब हरियाणा सरकार का दावा है कि उसकी ओर से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सौंपी गई कार्ययोजना के जरिए आग लगने की घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकेगी और इस वर्ष इसके उन्मूलन की कोशिश की जाएगी। दरअसल, सर्दियों की शुरूआत के साथ ही हरियाणा में बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं सामने आने लगती हैं और इसका वायु गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ता है। आसपास के राज्यों तक इसका प्रभाव देखा जाता है। इसके चलते दिल्ली में भी वायु प्रदूषण चिंताजनक स्तर तक पहुंच जाता है। आरोप-प्रत्यारोपों के बीच सरकारों की ओर से इस समस्या पर काबू पाने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात की जाती है, लेकिन नाममात्र के लिए उठाए गए कदमों के समांतर ही बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं जारी रहती हैं। अब अगर हरियाणा सरकार किसी कार्ययोजना के जरिए पराली प्रबंधन की ओर ठोस कदम उठाना चाहती है, तो इसे स्वागतयोग्य कहा जा सकता है। मगर यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जमीनी स्तर पर इसके अमल को लेकर कितनी गंभीरता दिखाई जाती है। यों हरियाणा में पराली दहन एक आम चलन बन चुका है, लेकिन इसकी वजह से जब समस्या गंभीर शक्ल अख्तियार करने लगती है, तब सरकार की नींद खुलती है। खासकर जिन इलाकों में इसका दायरा ज्यादा बड़ा होता है, वहां पैदा होने वाले घुटन भरे माहौल में एक तरह से आम जनजीवन भी बाधित होने लगता है। हरियाणा में इस वर्ष खेतों में आग लगने की पांच सौ से ज्यादा घटनाओं वाले तीन जिले कैथल, जींद और फतेहाबाद को चिन्हित किया गया है। जबकि सिरसा, कुरुक्षेत्र और करनाल आदि को चिंताजनक इलाकों में शुमार किया गया है। यह तब है जब पिछली समीक्षा बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकार को चिह्नित जिलों पर विशेष ध्यान देने, जिला और राज्य स्तर पर तैयार की गई कार्ययोजना के प्रभावी और सख्त कार्यान्वयन के अलावा कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया था। हालांकि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आने की बात कही है, लेकिन अब भी कई जिलों में समय रहते कदम उठाने की जरूरत है। मुश्किल यह है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कोई भी समस्या जब तक संकट का रूप नहीं ले लेती, तब तक न तो सरकार की नींद खुलती है और न ही लोगों को इसकी गंभीरता समझ में आती है। कुछ समय पहले अमेरिका की हावर्ड यूनिवर्सिटी और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के शोधकताओं के एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई थी कि देश में पराली और अन्य फसलों को जलाने से फैलने वाले प्रदूषण की वजह से हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में पराली जलाने से प्रदूषण के करीब सत्तर से नब्बे फीसद हिस्से के लिए पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जिम्मेदार हैं। पराली से निपटने के लिए खेतों में उसे काटने से लेकर इससे बायोगैस तैयार करने जैसे विकल्प संभव हैं, लेकिन इसे वास्तव में जमीन पर उतारने को लेकर राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए। इस बारे में औपचारिक घोषणाओं से आगे, ठोस कार्ययोजनाओं पर अमल के जरिए पराली जलाने की समस्या से निपटना होगा।

चुनावी सफलताओं के बिना भी राजनीति के दिशावाहक बन गये थे पंडित दीनदयालजी

प्रो. संजय द्विवेदी

वे सही मायनों में भारतबोध के प्रखर प्रवक्ता थे। भारतीय राजनीति में उनके आगमन ने एक नया विमर्श खड़ा कर दिया और वैकल्पिक राजनीति को मजबूत आधार प्रदान किया। आज भरोसा करना कठिन है कि श्री दीनदयाल उपाध्याय जैसे साधारण कद-काठी और सामान्य से दिखने वाले मनुष्य ने भारतीय राजनीति और समाज को एक ऐसा वैकल्पिक विचार और दर्शन प्रदान किया कि जिससे प्रेरणा लेकर हजारों युवाओं की एक ऐसी मालिका तैयार हुयी, जिसने इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में भारतीय राजसत्ता में अपनी गहरी पैठ बना ली। क्या विचार सच में इतने ताकतवर होते हैं या यह सिर्फ समय का खेल है? किसी भी देश की राजनीतिक निष्ठाएं एकाएक नहीं बदलतीं। उसे बदलने में सालों लगते हैं। डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी से लेकर नरेंद्र मोदी तक पहुंची यह राजनीतिक विचार यात्रा साधारण नहीं है। इसमें इस विचार को समर्पित लाखों-लाखों अनाम सहयोगियों को भुलाया तो जा सकता है किंतु उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता।

पं. दीनदयाल उपाध्याय राजनीति के लिए नहीं बने थे, उन्हें तो एक नए बने राजनीतिक दल जनसंघ में उसके प्रथम अध्यक्ष डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मांग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक श्री मा.स.गोलवलकर (गुरूजी) ने राजनीति में भेजा था। यह एक संयोग ही था कि डा. मुखर्जी और दीनदयाल जी दोनों की मृत्यु सहज नहीं रही और दोनों की मौत और हत्या के कारण आज भी रहस्य में हैं। दीनदयालजी तो संघ के प्रचारक थे। आरएसएस की परिपाटी में प्रचारक एक गृहत्यागी सन्यासी सरीखा व्यक्ति होता है, जो समाज के संगठन के लिए अलग-अलग संगठनों के माध्यम से विविध क्षेत्रों में काम करता है। देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन बन चुके आरएसएस के लिए वे बेहद कठिन दिन थे। राजसत्ता उन्हें गांधी का हत्यारा कहकर लांछित करती थी, तो समाज में उनके लिए जगह धीरे-धीरे बन रही थी। शुद्ध सात्विक प्रेम और संपर्कों के आधार पर जैसा स्वाभाविक विस्तार संघ का होना था, वह हो रहा था, किंतु निरंतर राजनीतिक हमलों ने उसे मजबूर किया कि वह एक राजनीतिक शक्ति के रूप में भी सामने आए। खासकर संघ पर प्रतिबंध के दौर में तो उसके पक्ष में दो बातें कहने वाले लोग भी संसद और विधानसभाओं में नहीं थे। यही पीड़ा भारतीय जनसंघ के गठन का आधार बनी। डा. मुखर्जी उसके वाहक बने और दीनदयाल जी के नाते उन्हें एक ऐसा महामंत्री मिला जिसने दल को न सिर्फ सांगठनिक आधार दिया बल्कि उसके वैचारिक अधिष्ठान को भी स्पष्ट करने का काम किया। पं. दीनदयाल जी को गुरूजी ने जिस भी अपेक्षा से वहां भेजा वे उससे ज्यादा सफल रहे। अपने जीवन की प्रामणिकता, कार्यकुशलता, सतत प्रवास, लेखन, संगठन कौशल और विचार के प्रति निरंतरता ने उन्हें जल्दी ही संघ और जनसंघ के कार्यकताओं का श्रद्धाभाजन बना दिया। बेहद साधारण परिवार और परिवेश से आए दीनदयालजी भारतीय

राजनीति के मंच पर बिना बड़ी चमत्कारी सफलताओं के भी एक ऐसे नायक के रूप में स्थापित होते दिखे, जिसे आप आदर्श मान सकते हैं। उनके हिस्से चुनावी सफलताएं नहीं रहीं, एक चुनाव जो वे जौनपुर से लड़े वह भी हार गए, किंतु उनका सामाजिक कद बहुत बड़ा हो चुका था। उनकी बातें गौर से सुनी जाने लगी थीं। वे दिग्गज राजनेताओं की भीड़ में एक राष्ट्रऋषि सरीखे नजर आते थे। उदारता और सौजन्यता से लोगों के मनों में, संगठन कौशल से कार्यकताओं के दिलों में जगह बना रहे थे तो वैचारिक विमर्श में हस्तक्षेप करते हुए देश के बौद्धिक जगत को वे आंदोलित-प्रभावित कर रहे थे। वामपंथी आंदोलन के मुखर बौद्धिक नेताओं की एक लंबी श्रृखंला, कांग्रेस के राष्ट्रीय आंदोलन से तपकर निकले तमाम नेताओं और समाजवादी आंदोलन के डा. राममनोहर लोहिया जैसे प्रखर राजनीतिक चिंतकों के बीच अगर दीनदयाल उपाध्याय स्वीकृति पा रहे थे, तो यह साधारण घटना नहीं थी। यह बात बताती है गुरूजी का चयन कितना सही था। उनके साथ खड़ी हो रही सर्वश्री अटलबिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, जेपी माथुर, सुंदरसिंह भंडारी, कुशाभाऊ ठाकरे जैसे सैकड़ों कार्यकताओं की पीढ़ी को याद करना होगा, जिनके आधार पर जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा परवान चढ़ी है। दीनदयाल जी इन सबके रोलमॉडल थे। अपनी सादगी, सज्जनता, व्यक्तियों का निर्माण करने की उनकी शैली और उसके साथ वैचारिक स्पष्टता ने उन्हें बनाया और गढ़ा था। एकात्म मानववाद के माध्यम से सर्वथा एक भारतीय विचार को प्रवर्तित कर उन्होंने हमारे राजनीतिक विमर्श को एक नया आकाश दिया। यह बहुत से प्रचलित राजनीतिक विचारों के समकक्ष एक भारतीय राजनीतिक दर्शन था, जिसे वे बौद्धिक विमर्श का हिस्सा बना रहे थे। अपने इस विचार को वे व्यापक आधार दे पाते इसके पूर्व उनकी हत्या ने तमाम सपनों पर पानी फेर दिया। जब वे अपना श्रेष्ठतम देने की ओर बढ़ रहे थे, तब हुयी उनकी हत्या ने पूरे देश को अवाक कर दिया। दीनदयाल जी ने अपने प्रलेखों और भाषणों में एकात्म मानववाद शब्द पद का उपयोग किया है। भाजपा ने 1985 में इसे इसी नाम से स्वीकार किया, किंतु बाद में एकात्म मानवदर्शन नामक शब्दपद को उपयोग किया जाने लगा। दीनदयाल जी की स्मृतियां और उनके द्वारा प्रतिपादित विचारदर्शन एक सपना भी है तो भी इस जमीं को सुंदर बनाने की आकांक्षा से लबरेज है। उसकी अखंडमंडलाकार रचना का विचार करें तो मनुष्यता खुद अपने उत्कर्ष पर स्थापित होती हुयी दिखती है। इसके बाद समाज और उसके मूल्य, उसकी राह और उसका मन सब एक हो जाते हैं। एकात्म सृष्टि से, एकात्म व्यक्ति से, एकात्म परिवेश से जब हम हो जाते हैं तो प्रश्नों के बजाए सिर्फ उत्तर नजर आते हैं। समस्याओं के बजाए समाधान नजर आते हैं। संकटों के बजाए उत्थान नजर आने लगता है। दुनिया एकात्म मानवदर्शन की राह पर आ रही है, अपने भौतिक उत्थान के साथ आध्यात्मिकता को संयुक्त करने के लिए वह आगे बढ़ चुकी है।

भाजपा को दोबारा सत्ता में लाने के लिए उत्तर प्रदेश पर खास ध्यान दे रहा है आरएसएस

अजय कुमार

लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में बिसात बिछने लगी है। एक तरफ सियासी गठबंधन मजबूत किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपने-अपने वोट बैंक को संगठित करने के लिए तमाम सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एक तरफ महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण के लिए कानून बना दिया गया है। इस बिल के जरिए लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएंगी। बीजेपी इसके जरिए देश की आधी आबादी के वोट अपनी झोली में डालना चाहती है तो अयोध्या में प्रभु रामलला का मंदिर भी अगले वर्ष जनवरी में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके जरिए बीजेपी हिन्दुत्व का कार्ड खेलना चाहती है। इससे इत्तर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बैकडोर से बीजेपी को मजबूत करने की कोशिश में जुटा गया है। संघ की कोशिश हर गांव तक अपनी शाखा का विस्तार करना है। यह और बात है कि संघ अपनी तेजी को चुनाव से जोड़ने की बात से इंकार करते हुए कहता है कि वह तो अपने शताब्दी वर्ष समारोह की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष समारोह 2025 में होना है। इससे पहले आरएसएस हर गांव तक अपनी पैठ बना लेना चाहता है। लखनऊ में चल रहे कार्यक्रम के दौरान इस पर विशेष विमर्श चल रहा है। रणनीति के तहत आरएसएस अपना विस्तार हर गांव तक करने की योजना पर काम कर रहा है। संघ राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से लेकर अन्य योजनाओं को अपने तरीके से उठाने की तैयारी कर रहा है। अवध प्रांत में मोहन भागवत के चार दिवसीय दौरे को लोकसभा चुनाव के नजरिए से अहम माना जा रहा है। संगठन अपनी तैयारियों को यहां से धार देना शुरू करेगा। इस बार संघ की नजर मुस्लिम वोटरों पर भी है कि कैसे उन्हें अपने पाले में लाया जा सके, इसके लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत काफी दिनों को काम भी कर रहे हैं। वह मुस्लिम नेताओं और धर्मगुरुओं से न केवल मिलते हैं, बल्कि उनके कार्यकर्मों में भी जाते हैं।

खैर, आरएसएस की ओर से राम मंदिर के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाए जाने की तैयारी की जा रही है। अगले साल जनवरी में अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। संघ की ओर से रणनीति तैयार की गई है कि राम मंदिर के सपने को साकार करने वाली भावनाओं के ज्वार को पूरे देश में पैदा किया जाए। संघ की कोशिश इसके जरिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की धार को पैना करने की है। इसका असर लोकसभा चुनाव 2024 में दिख सकता है। भाजपा के पक्ष में अनुकूल वातावरण के निर्माण के लिए इसे अहम माना जा रहा है।

सर संघ चालक मोहन भागवत की मुहिम को आगे बढ़ाने में हिन्दुत्व का एक बड़ा चेहरा रहे योगी आदित्यनाथ का भी सहयोग लिया जा रहा है। यह और बात है कि अब योगी अपने को यूपी के 24 करोड़ की जनता का संरक्षक बताते हुए सबके भले की बात करते हैं। भागवत और योगी की गत दिवस लखनऊ में मुलाकात हुई। करीब 45 मिनट की मुलाकात में सीएम योगी ने संघ प्रमुख को सरकार के कामकाज और उपलब्धियों की जानकारी दी। योजनाओं और उसके प्रभाव के बारे में बताया। सीएम ने सरसंघचालक को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर की अपडेट जानकारी दी कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अगले वर्ष जनवरी में मकर संक्रांति के बाद होनी तय है। इस कार्यक्रम को देशभर में मनाने और राष्ट्रवाद एवं सामाजिक समरसता को धार देने की रणनीति बनाई गई है। राम मंदिर निर्माण को देखते हुए अयोध्या को नए और भव्य तरीके से विकसित करने की योजना पर चल रहे काम के बारे में भी संघ प्रमुख को बताया गया। संघ प्रमुख मोहन भागवत का कार्यक्रम शनिवार को बैठकों के साथ शुरू हुआ। अवध प्रांत में संघ के सांगठनिक विस्तार और सेवा प्रकल्पों को लेकर बैठक के द्वारा अवध प्रांत में संघ के कामकाज की समीक्षा के साथ आगे की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। वर्ष 2025 में संघ के शताब्दी समारोह को देखते हुए आरएसएस सभी गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है।

दे रहे हैं न्यौता!

होगा फिर से स्वागत ।
है आया बयान ।।
आकर के तो देखें ।
मिलना तय सम्मान ।।
दे रहे हैं न्यौता ।
कर सकते प्रवेश ।।
हैं वो अब स्वतंत्र ।
ना है कोई क्लेश ।।
फिर मिलेगा उनको ।
पहले वाला प्यार ।।
गए थे वो खुद ही ।
करें पुनः विचार ।।
ना कोई आपत्ति ।
और नहीं प्रतिबंध ।।
सोच सकते नया कुछ ।
करने को प्रारंभ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ दिव्य कला मेला वाराणसी का समापन

दिव्य कला मेला में 180 दिव्यांगजन के लिए एक करोड़ से अधिक राशि के ऋण किए गए स्वीकृत, दिव्य कला मेला के अंतिम दिन उमड़ी भीड़ जमकर की गयी खरीददारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कमलेश पांडेय पूर्व मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त ,भारत सरकार द्वारा मैदागिन स्थित टाउन हॉल में मौजूद जन समूह को स्वछता की शपथ दिलाते हुए दिव्य कला मेला वाराणसी का समापन किया गया टाउन हाल वाराणसी में दिव्यांगजन के लिए दस दिवसीय दिव्य कला मेला आयोजित किया गया था। मेले के समापन समारोह में एनडीएफडीसी के सीएमडी नवीन शाह ने दिल्ली से वर्चुअल तौर पर जुड़कर दिव्यांगजन को उद्बोधित किया इस मौके पर एनडीएफडीसी के जीएम अनिल कुमार एनडीएफडीसी की टीम के साथ मौजूद थे इसके अलावा मनोज कुमार झा, रीजनल मैनेजर, बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक भी उपस्थित थे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की परिकल्पना तथा मार्गनिर्देशन में देश भर में दिव्य कला मेला आयोजित किए जा रहे हैं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लगाए इस मेले का उद्घाटन 15 सितंबर 2023 को भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री ए नारायणस्वामी द्वारा किया गया था। दिव्यांगजन के लिए देश भर में लगाए जा रहे राष्ट्रीय स्तरका मेलों को दिव्य कला मेला का नाम दिया गया है दिल्ली, मुंबई , भोपाल, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर के सफल आयोजन के बाद वाराणसी में यह आयोजन किया गया है। आने वाले समय मे देश के अन्य बड़े शहरों में भी ऐसे मेले आयोजित करने की योजना बनाई गई है इन सभी राष्ट्रीय मेलों में कुछ स्टॉल लोकल दिव्यांगजन के लिए भी रखे जाते हैं वाराणसी मेले में भी लगभग 17 भागीदार वाराणसी के हैं। विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारियों तथा उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्रा दयालु ने आकर दिव्यांगजन का हौंसला बढ़ाया इस मेले को की जनता का प्यार भी खूब मिला ` 17 सितंबर, 2023 को इस मेले में नेशनल दिव्यांगजन फाइनैंस एंड डिवैल्पमैंट कापोर्रेशन द्वारा दिव्यांगजन के लिए एक्सक्लूसिव जॉब फेयर आयोजित किया गया। एनडीएफडीसी के सीएमडी नवीन शाह ने इस जॉब फेयर का उद्घाटन किया इस नौकरी मेले में कुल 210 दिव्यांगजन ने भाग लिया ` निजी क्षेत्र की 9 कंपनियों (क्वेस कॉर्प, इंडिगो एयरलाइंस,अमेजन, टाटा सस्टेनेबिलिटी, आर्कटिक इंडस्ट्री, सिमरन इंटरप्राइजेज, अटिपिकल एडवांटेज, टाटा पावर एचआर सॉल्यूशंस एलएलपी) ने जॉब के लिए 78 दिव्यांगजन को शॉर्टलिस्ट किया तथा दिव्यांगजन को जॉब के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए।

नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डिवैल्पमेंट कापोर्रेशन (एनडीएफडीसी) के पार्टनर बैंक बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा स्वरोजगार ऋण के इच्छुक 62 दिव्यांगजन का रजिस्ट्रेशन किया गया इस मेले में 21 सितम्बर, 2023 को 'स्माल स्टार्टअप्स चुनौतियाँ व समाधान' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में लखनऊ निवासी इन्वेस्टर तथा स्टार्टअप्स एक्सपर्ट, निनिन त्रिपाठी द्वारा स्टार्टअप के गुर बताते हुए आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया उन्होंने प्रभावी तथा रोचक तरीके से दिव्यांग लघु उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यशाला में बेंगलुरु से तिलकम राजेंद्रन द्वारा भी लेक्चर दिया गया उन्होंने अपने व्यवहारिक अनुभवों का हवाला देते हुए दिव्यांगजन से अपील की कि वे इंटरनेट तथा मोबाइल का सही उपयोग करते हुए अपने अंदर

उद्यमिता का विकास करें इस कार्यशाला का लाइव प्रदर्शन एनडीएफडीसी के यूट्यूब हैंडल @ndfdcindia पर भी किया गया। दिव्य कला मेले में भी कई हिंदी प्रतियोगिताएं, संगोष्ठी तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें कई राष्ट्रीय स्तर के कवियों ने भाग लिया` 23 सितंबर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया तथा कई स्पेशल सेल्फी प्वाइंट्स मेले में लगाए गए 23 सितंबर 2023 को व्हील चेयर रेस तथा फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया मेले में बिक्री बढ़ाने के लिए प्रतिदिन बेस्ट बायर को मेले के मंच पर सम्मानित किया गया कई कैटेगरीज के तहत मेले में अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत किया गया` मेले के दौरान 24-30 सितंबर 2023 तक हम अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह मनाने की शुरूआत की गई दिव्य कला मेले में सांकेतिक भाषा के इंटरप्रेटर को भी सम्मानित किया गया गौरतलब है की वाराणसी में दिव्यांग उद्यमियों और उनके संगठनों के लिए पहली बार इतने बड़े पैमाने पर दिव्य कला मेला नामक प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया `दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित इस दस दिवसीय मेले के आयोजन में 20 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया इस मेले में महिला उद्यमियोंकलाकारों की भागीदारी भी अच्छी रहीदिव्य कला मेला में गृह सज्जा और जीवन शैली,वस्त्र, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन और जैविक उत्पाद, खिलौने और उपहार, पर्सनल एसेसरीज आभूषण, क्लच बैग्स आदि कैटेगरी के प्रोडक्ट्स शामिल रहे मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध प्रोफेशनल कलाकारों द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम (नृत्य तथा गायन आदि) आयोजित किए गए दिव्यांगजन की कई संस्थाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई इस मेले के जरिए दिव्यांगजन ने लगभग 70,00,000से अधिक का कारोबार किया कई कंपनियों की तरफ से दिव्यांगजन को परचेज आश्वासन भी मिले हैंमेले में दिव्यांगजन को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं ने भी भागीदारी की(मेले में दिव्यांगजन के लिए काम करने वाली राष्ट्रीय संस्थाओं निगमों कंपनियों ने भागीदारी की `भारत सरकार के निगम एनडीएफडीसी के पार्टनर बैंक (बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक) ने 180 दिव्यांगजन के लिए एक करोड़ से अधिक राशि के ऋण स्वीकृत किए। यह मेला दिव्यांगजन में छुपे हुए विभिन्न प्रकार के टैलेंट को उजागर करने का मंच बन गयाकुछ दिव्यांग प्रतिभागियों ने स्टेज पर प्रस्तुति भी दी देशी विदेशी पर्यटकों द्वारा मेले में विजिट की गई तथा इ स प्रयास को सराहा गया। मेले में आगंतुकों द्वारा स्वादिष्ट पकवानों का लुत्फ उठायागया दिव्यांगजन सशक्तिकरण का इस तरह का मेले देश के कई शहरों में आयोजित करने का प्लान है मेले को सफल बनाने में विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं की अच्छी भूमिका रही। प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया के जरिए भी मेले को खूब कवरेज मिली। अगला दिव्य कला मेला हैदराबाद में 6 अक्तूबर से शुरू होगा।

विद्युत संविदा कर्मियों के वेतन सहित कई समस्याओं पर बनी सहमति

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत गाजीपुर की अधीक्षण अभियंता से विभिन्न कर्मचारी समस्याओं को लेकर द्विपक्षीय वार्ता हुई संपन्न गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत के पूर्वांचल अध्यक्ष एवं प्रदेश अतिरिक्त प्रांतीय महामंत्री निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गाजीपुर में पांचों अधिशाषी अभियंता सहित बिलिंग एजेंसी स्टर्लिंग के जोनल हेड अखिलेश कुशवाहा वा संविदा कर्मियों के एजेंसी भारत इंटर प्राइजेज से विजय यादव के साथ विद्युत कर्मियों की तमाम समस्याओं को लेकर वार्ता हुई जिसमें निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी। वही वार्ता संपन्न के बाद कर्मचारी नेता निर्भय सिंह ने बताया कि उपकेंद्रों के अनुरक्षण एवं परिचालन में लगे संविदा कर्मियों को माह जुलाई 2023 का वेतन दो दिन के अंदर, अगस्त माह का वेतन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में तथा सितंबर का वेतन उसके बाद दशहरा से पूर्व निर्गत कर दिया जाएगा। मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे मीटर रीडरों का वेतन 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2023 के बीच में दो माह का भुगतान किया जाएगा। मीटर रीडरों के इपीएफ एवं ईएसआईसी की राशि 15 से 20 अक्टूबर 2023 के बीच में जून 2022 तक का इपीएफ, 15 नवंबर 2023 तक दिसंबर 2022 तक का इपीएफ एवं इस साल के अंत तक संपूर्ण इपीएफ की राशि सभी मीटर रीडरों के खाते में चली जाएगी। सभी संविदा कर्मियों एवं मीटर रीडरो को जॉइनिंग लेटर एवं ईएसआईसी हेल्थ कार्ड 15 दिन के अंदर वितरित कर दिया जाएगा। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ठंडी वर्दी, गर्म वर्दी एवं रेनकोट 30 नवंबर 2023 तक वितरित करा दिया जाएगा। सभी नियमित कर्मचारियों को अपने अधिशासी अभियंता के यहां अपना फोटो देना होगा और एक सप्ताह के अंदर उन्हें फोटो युक्त पहचान पत्र प्राप्त हो सकेगा। वही जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया कि सभी संविदा कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी। रामलाल सिंह यादव संविदा कर्मी दुल्लहपुर उपकेंद्र, अंशु रघुवंशी संविदा कर्मी मिजापुर उपकेंद्र एवं पंकज गोंड उपकेंद्र करंडा को फिर से काम पर रखने की सहमति बनी। मार्च 2023 में हुए हड़ताल के दौरान निकाले गए 37 संविदा कर्मियों में 11 संविदा कर्मियों को जो काम पर थे उनको काम पर रखने हेतु अधीक्षण अभियंता ने अपनी संस्तुति सहित पत्र भेजा है। फिर से उन लोगों को काम पर रखने हेतु पत्र उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। सभी उपकेंद्रों पर कर्मचारियों के बैठने शौचालय एवं पीने की पानी की व्यवस्था कराने पर भी सहमति बनी। कमेटी नंबर 1, कमेटी नंबर 2 तत्काल मंडल स्तर पर बनाकर कर्मचारियों के पदोन्नति एवं समयबद्ध वेतनमान दूर किए जाने पर भी सहमति बनी। वही प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर को मंडल कार्यालय से हुई निविदा के अनुसार ही मानदेय भुगतान कराने पर सहमति बनी तथा अन्य मांगों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई और सहमति बनी। जहां तक हड़ताल के दौरान निकल गए 37संविदा कर्मियों की बात है हमने उसमें भी लगभग 11 कर्मचारियों को जो काम पर थे उनके रखवाने हेतु प्रयासरत हैं बचे हुए हुए सभी संविदा कर्मियों के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश लगातार प्रयासरत है हम उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द उन सभी संविदा कर्मियों की ससम्मान वापसी होगी। आप सभी विद्युत कर्मी संगठन पर विश्वास बनाए रखें हम पहले भी लड़े थे और जीते थे और आगे भी लड़ेंगे और जीतेंगे। आप लोग संगठन का साथ देते रहिए मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आप लोगों को न्याय दिलाता रहूंगा।जनपद के कोने-कोने से आए नियमित कर्मचारियो, संविदा कर्मियों, मीटर रीडरो एवं कंप्यूटर ऑपरेटरो को अपनी मांगों के समर्थन में वार्ता में पहुंचकर वार्ता सफल बनाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। वार्ता में सैकड़ों की संख्या में विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

रास्ते पर चला दिया दीवाल ग्रामीणों ने किया शिकायत

प्रखर पूर्वांचल सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पँचायत बैजलपुर में सरकारी रास्ते की भूमि पर मनबढो ने रास्ता रोक रखा है। जिसको लेकर जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को शिकायत दर्ज कराया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि घर के सामने से एक पुस्तैनी रास्ता जाता है। जिस रास्ते से गावँ के लोग आते जाते है। लेकिन गावँ के मनबढो ने रास्ते पर दीवाल चला कर रास्ते को रोक रखे है। जिससे ग्रामीण खेत के मेड से होकर गुजर रहे है। कोई अन्य रास्ता न होने से ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने कहा कि शिकायत मिली है। लेखपाल और कानूनगो को जांच करवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान देवेंद्र कुमार,दुर्गावती,रीमा,इंद्रावती मौजूद थी।

पुत्र ने पिता की अंतिम इच्छा का पालन कर दिया सच्ची श्रद्धांजलि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वर्तमान समय में विरले ही ऐसा देखने को मिलता है। पिता की आखिरी इच्छा को पुत्र ने न केवल पूरा किया बल्कि एक अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किया। पिता थे एडवोकेट मसीउद्दीन सिद्दीकी और उनके ज्येष्ठ पुत्र असद। एडवोकेट मसीउद्दीन सिद्दीकी साहब ने अपनी मृत्यु से पहले अपने पुत्र से कहा था कि मेरे बाद मेरी लाइब्रेरी की सभी पुस्तकें सिविल बार एसोसिएशन गाजीपुर को दान कर देना। मसीउद्दीन सिद्दीकी साहब का इंतकाल अगस्त माह में हो गया। उनके पुत्र असद ने मंगलवार को समारोहपूर्वक अपने पिता की लाइब्रेरी की सैकड़ों कानूनी पुस्तकें सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधाकर राय को डोनेट कर दिया।



इस मौके पर अध्यक्ष सुधाकर राय ने एडवोकेट मसीउद्दीन सिद्दीकी साहब को याद करते हुए असद के प्रति आभार जताया। कहा कि यह एक श्रेष्ठ उदाहरण मसीउद्दीन सिद्दीकी साहब और उनके परिवार ने पेश किया है। उनकी पुस्तकें सिविल बार की लाइब्रेरी में एक कार्नर बना कर रखी जाएंगी।यह सभी अधिवक्ताओं के लिए लाभदायक और प्रेरणादायी है। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर राय ने कहा कि मसीउद्दीन सिद्दीकी मेरे सहपाठी थे और उन्होंने अनुकरणीय कार्य किया है। इस मौके पर सुरेश सिंह, राजेंद्र नाथ, सुरेंद्र नाथ राय , मसउद आलम खां, राजेश राय, गफ्फार, अखिलेश राय, मधुबन कुशवाहा, सच्चिदानंद शर्मा, राम नसीब राय, अजहर, दुर्गेश राय, अविनाश प्रधान आदि मौजूद रहे।

सपाईयो का सीएमओ कार्यलय पर हल्ला बोल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। डेंगू व मलेरिया बुखार जैसे खतरनाक महामारी रोग पर नियंत्रण एवं सरकारी अस्पताल मे चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण आज सपाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप चौधरी से उनके कार्यालय मुलाकात कर ज्ञापन सौपा ` पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व मे सपाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कार्यालय मे मुलाकात कर कहा कि इस समय डेंगू व मलेरीया बुखार जैसे खतरनाक रोग से आम जनता ग्रसित है सरकारी चिकित्सालय मे बेड न होने होने के कारण आमजन को निजी चिकित्सालय मे जाने को मजबूर हो रहे है` बीएचयू अस्पताल मे रेजीडेंट चिकित्सक हडताल पर होने के कारण लोगो को कठिनाई का सामना करना पड रहा है उन्होने सी एम ओ संदीप चौधरी से मांग किया कि कबीरचौरा अस्पताल एवं दीनदयाल अस्पताल मे बेड की संख्या तत्काल प्रभाव से बढाई जाए एवं समस्त रक्त की जॉच की सुविधा का समय सीमा बढ़ाकर महामारी पर नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जाए उन्होने कहा कि इस समय महामारी मे नकली दवाओ की खपत बाजारो मे बढ गई है उस पर अंकुश लगाया जाए जिससे आमजन को राहत मिल सके सीएमओ ने कहा कि बेड समस्त चिकित्सालय मे पर्याप्त है इसी बयान को लेकर प्रदेश सचिव राजू ने विफर पड़े उन्होने कहा कि सिर्फ दावो से काम नही चलेगा जनता इस समय डेंगू व मलेरीया बुखार से झूझ रही और आप द्वारा दावा एकदम सरासर झूठा है` पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि जनता को कोई भी सरकारी चिकित्सालय मे सुविधा नही मिल रहा है न ही बेड मरीजो को मिल पा रहा है स्ट्रेचर पर मरीज को चिकित्सा किया जा रहा है उन्होने दस सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए जल्द से जल्द समस्त शिकायत को दुर करने की मांग रखी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी शिकायत को गंभीरतापूर्वक विचार कर तीन दिन के अंदर व्यवस्था सुदृढ करने के लिए आश्वस्त किया।

पेड़ से लटका हुआ मिला था युवक का शव परिजनों ने तहरीर देकर जताई हत्या की आशंका

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पुड़ा में शनिवार की रात 8.00 बजे पेड़ से लटका हुआ युवक का शव मिला था मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया था। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम भरोहिया निवासी अंबुज मिश्रा 23 वर्ष के रूप में हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार- अंबुज घघसरा बाजार करने निकले थे। काफी देर बाद जब घर नहीं लौटे तो घर वाले खोज-बीन शुरू कर दिया। पुंडा स्थित आम के बाग में पेड़ से लटकता शव देखकर सभी के होश उड़ गए। पुलिस से लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए शिकायत की थी। युवक के मृत्यु को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि पुंडा से भरोहिया की दूरी तकरीबन 5 किलोमीटर है। इतनी रात को वह पुंडा कैसे पहुंचा । इसके पीछे क्या कारण है ? इस यक्ष प्रश्न का लोगों के पास जबाब नहीं है। अंबुज अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वही सहजनवां पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।वही मृतक युवक के पिता ने सहजनवां थाने में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई वही पिता रामवृक्ष मिश्र पुत्र स्व उदयराज मिश्र-भरोहिया को. घासरा, थाना ब तहसील सहजनवा जनपर गोरखपुर का कहना था कि दिनाक 23/9/2023 को दोपहर बारह बजे मेरा छोटा पुत्र सत्यप्रकाश मिश्र उर्फ अम्बुज मिश्रा को उनके कुछ दोस्त घर से ले गये। जब काफी देर तक मेरा, पुत्र वापस नही आया तो शाम 4 बजे मैं ढूढ़ते हुए अपने बेटे के दोस्त के घर लोहरसड़ा गया वहा पर रणविजय यादव के भाई राणा मिले उनसे पूछे कि आप इतने घबराये हुए क्यो है। फिर व जुनैद को फोन किये। जुनैद ने बताया कि अम्बुज शिव मन्दिर शाहपुर मे ही है। फिर मै शाहपुर शिवमन्दिर गया वहा कोई नही दिखा फिर में रोड की तरफ 100 मीटर आया वही पुलिया पर पुण्डा के तरफ बागीचे की ओर से चार लड़के आरहे जुनैद, साहिल, राजन सैनी है तो उसने बताया फिर में जब मैंने मोनू से पूछा कि अम्बुज कहा है तो उन लोगों ने कहा कि अम्बुज पेड़ से लटका हुआ है मुझे आशंका हुआ की इन चारों ने कुछ और लोगो के साथ मिलकर मेरे बेटे की हत्या की है। जिसको लेकर हमने थाने में नामजद तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज कर के कार्यवाही करने की मांग किया है।वही सहजनवां थाना प्रभारी इत्यानन्द पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही किया जायेगा।

न्याय चला जनता के द्वार के अंतर्गत 11 चकबंदी वादों का हुआ निस्तारण

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश द्वारा राजस्व एवं चकबंदी के वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के लिए न्याय चला जनता के द्वार, नई पहल की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर ही ग्राम अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्याय चला जनता के द्वार के अंतर्गत मंगलवार को तहसील क्षेत्र सहजनवा के ग्राम पंचायत बुदहट में विशेष ग्राम अदालत का आयोजन ग्राम प्रधान संजय शुक्ला एडवोकेट की अध्यक्षता अध्यक्षता में किया गया। अदालत में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी शशिकांत शुक्ला द्वारा 11 वाद, चकबंदी अधिकारी द्वारा 21 वाद,का निस्तारण किया गया। ग्राम अदालत में कुल एक दर्जन चकबंदी वादों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर राजनारायण त्रिपाठी उप संचालक चकबंदी, शशि कान्त शुक्ला बन्दोबस्त अधिकारी, साकेत कुमार त्रिपाठी चकबंदी अधिकारी, राकेश चंद्र त्रिपाठी ए सी ओ, संजय शुक्ला एडवोकेट ग्राम प्रधान, अरविन्द राम चकबंदी लेखपाल, अबिनाश राय सीओ लिपिक, विनोद चौबे ए सो सी लिपिक, रविचंद्र यादव एस ओ सी लिपिक, कौशल शुक्ला, राधेश्याम यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

सपा के नव मनोनित प्रदेश सचिव सिंकदर कन्नौजिया का हुआ भव्य स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश के संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समाजवादी मूल्यों की रक्षा के लिए और देश और प्रदेश से साम्प्रदायिक, तानाशाही, झूठी और जुमलेबाज भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा सरकार को देश और प्रदेश की सत्ता से बेदखल करना जरूरी है। यह बात समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव सिंकदर कन्नौजिया ने अपने स्वागत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यालय समता भवन पर कही। उन्होंने भाजपा सरकार की जमकर खिंचाई करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से देशवासी त्राहि त्राहि कर रहे हैं। लगातार बढ़ती मंहगाई से गरीबो का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने भाजपा सरकार को झूठ का पर्याय बताते हुए कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं से इस सरकार का कुछ भी लेना देना नहीं है। यह केवल जनता के सामने झूठ परोसने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झूठ ही भाजपा का आधार है। 15-15 लाख रुपए हर देशवासी के खाते में भेजने और प्रति वर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने ,सौ दिन के अंदर मंहगाई कम करने का और किसानों की आय दोगुनी करने का मोदी सरकार का वादा देश के गरीबों के साथ बहुत ही भद्दा मजाक था। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार देश के गरीबों का माखौल उड़ा रही है। इस देश का गरीब अपने को अपमानित और ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद झूठा है। राष्ट्र की सम्पत्ति को बेचने वाला राष्ट्रवादी नहीं बल्कि राष्ट्रविरोधी होता है। उन्होंने कहा कि इस सरकार का गरीबों की समस्याओं से कुछ भी लेना देना नहीं है । यह सरकार केवल राष्ट्र की सम्पत्ति को बेचकर पूंजीपतियों और अपनी तिजोरी भरने का काम कर रही है। इस स्वागत समारोह की शुरूआत में पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर नवमनोनीत प्रदेश सचिव सिंकदर कन्नौजिया का भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि सिंकदर कन्नौजिया जी के मनोनयन से संगठन मजबूत और धारदार होगा। उन्होंने कहा पार्टी ने हमेशा कार्यकताओं का सम्मान किया है। वक्त आने पर पार्टी के हर कार्यकर्ता का सम्मान करेगी।

उन्होंने कहा कि देश गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। केन्द्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पूरी तरह से संवेदनहीन हो गई है। इस सरकार में अपराध, अन्याय और अत्याचार बढ़ा है। इस सरकार में न किसी की सुरक्षा है और न संवेदना है। कानून व्यवस्था फेल है। चारों तरफ जंगलराज है।न पुलिस का खौफ रह गया है और न कानून का डर। पूरे प्रदेश में सत्ता संरक्षित अपराधियों का खौफ बदस्तूर जारी है।

मुख्यमंत्री योगी जी के सुशासन के दावों और बेहतर कानून व्यवस्था का दावा पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है। इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से रामधारी यादव, अशोक कुमार बिंद, रविन्द्र प्रताप यादव, मारकन्डेय यादव,राजेंद्र यादव, सत्येन्द्र यादव सत्या, अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, डॉ समीर सिंह, रामज्ञान यादव, विजय शंकर यादव, दिनेश यादव, रामप्रकाश यादव, असलम खां, रामयश यादव नरसिंह यादव, अमित ठाकुर, संजय कन्नौजिया, गुड्डू कन्नौजिया, रामाशीष यादव, वंशबहादुर कुशवाहा अशोक कुमार यादव, बृजकिशोर यादव, शिवमुनि यादव आदि उपस्थित थे। इस स्वागत समारोह का संचालन जिला सचिव राजेश यादव ने किया।

संक्षिप्त खबरें

डॉ. सरफुद्दीन आजमी बनाये गए आम आदमी पार्टी पूर्वांचल प्रान्त के उपाध्यक्ष

प्रखर शाहगंज जौनपुर। लंबे समय से आम आदमी पार्टी से जुटे नगर के तहसील नई आबादी के चिकित्सक डाक्टर सरफुद्दीन को पार्टी हाईकमान ने पूर्वांचल प्रान्त का उपाध्यक्ष घोषित किया है। उपाध्यक्ष बनने की खबर लगते ही मंगलवार को उनके निज निवास पर शुभचिंतकों एवं समर्थकों का बधाई देने का तांता लगा रहा। तो वही समर्थकों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। वहीं इस सम्बंध में नव नियुक्त उपाध्यक्ष डाक्टर सरफुद्दीन आजमी से बात करने पर उन्होंने बताया की पार्टी ने एक बड़े आबादी वाले पूर्वांचल प्रान्त का उपाध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का काम किया जाएगा और पार्टी की नीतियों और योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का कार्य भी किया जाएगा।एक सवाल के जवाब श्री आजमी ने कहा की 2024 के आम चुनाव में आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करेगी।तो दूसरी तरफ 2027 के विधान सभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार जनता के सहयोग से बनाएगी जनता का रुझान आम आदमी पार्टी की तरफ बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

छात्राओं का पैसा वापस करने और डायरेक्टर के खिलाफ सपा ने की मुकदमा दर्ज करने की मांग

प्रखर मिजार्पुर। नर्सेज की ट्रेनिग के नाम पर नरायनपुर स्थित एक संस्था के डायरेक्टर ने संस्था संचालित कर नरायनपुर मे गरीब छात्राओ से प्रवेश के नाम पर 50-50 हजार रूपया व परीक्षा के नाम 5 हजार रूपया प्रति छात्राओ से वसूला गया है। धनराशि वसूलने व फर्जी सर्टिफिकेट की जॉच के लिए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलकर जॉच कर कार्यवाही करने की मॉग की है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि छात्राओ से भारी भरकम राशि वसूली गई है। डायरेक्टर के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया तो समावजादी पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है और आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल संस्था के बारे में जॉच करने के लिए भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट आने पर जिलाधिकारी से मिलकर छात्राओ से प्रवेश के नाम पर जो पैसा वसूला गया उसे वापस करने के लिए कहा गया है। इस मौके पर छात्रा कुसुमलता, काजल गुप्ता, संन्ध्या भारती, सविता, शशिकला, अहमद नवाज, नागेन्द्र तिवारी, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, झल्लू यादव, अनीस खान, विजय मौर्या आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने बारा चौकी पर नव निर्मित प्रभारी कक्ष तथा बाउंड्री वॉल का किया उद्घाटन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा थाना गहमर के चौकी बारा पर नवनिर्मित चौकी प्रभारी कक्ष तथा बाउंड्री वॉल का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसके बाद महोदय द्वारा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों,व्यापार मंडल के लोगों के साथ मीटिंग की गई तथा उनसे उनकी समस्याओं को सुना गया और सुधार के लिए उनसे सुझाव भी लिया गया। महोदय द्वारा अपने संबोधन में वहां व्यापार मंडल से आए हुए लोगों से अपने अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनके साथ किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही माफियाओं तथा अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी जमानियां, एसडीएम सेवराई तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रखर गीडा, गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस.के.शुक्ल के मार्गदर्शन एवं राज्य कर्मचारी बीमा निगम के सहयोग से आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पदमा एवं विशिष्ट अतिति संजय मिश्रा रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। बिजनेस हेड एस के शुक्ल का कहना है की आईजीएल में कोई भी बदलते मौसम में बीमार न होने पाए सभी को उच्च कोटि की मेडिकल सुविधा दी जाए इसी क्रम में लगातार शिविर आयोजित कराए जा रहे है। चिकित्सा शिविर में सभी व्यवस्थाएं सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल ने किया और सुपरवाइजर अनंत शुक्ल,कृष्णा नंद मिश्रा, शब्बीर अहमद की देख में हुआ।इस शिविर में दो सौ से अधिक कर्मचारियों का इलाज किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम में ईएसआई की तरफ से डॉ पूनम सिंह, डॉ पद्मा राव, वेद प्रकाश, देवेश कुमार,फतेह अहमद, जयशंकर प्रसाद श्रीवास्तव,सुरेश सिंह, संत प्रसाद, शाहनवाज इत्यादि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में वाराणसी में सैंकड़ों विद्यालय के शिक्षकों ने चाक डाउन करके किया विरोध प्रदर्शन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (संयुक्त मोर्चा) के तत्वाधान में पुरानी पेंशन व सेवा सुरक्षा की बहाली को लेकर वाराणसी सहित प्रदेश के अन्य सभी जिलों के लगभग सभी अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में चाक डाउन सफल रहा` संयुक्त मोर्चा के सह संयोजक कुँवर जीत इलाहाबादी, प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आज शिक्षकों की सेवा सुरक्षा खतरे में है सरकार ने उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 लाकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 21, 18 व 12 को समाप्त कर दिया है जिसके कारण शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है` जिसके कारण पूरे प्रदेश में चाक डाउन कर-के विरोध प्रदर्शन किया गया यदि सरकार ने सेवा सुरक्षा बहाली नही कि तो संयुक्त मोर्चा और उसके सभी घटकों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी वाराणसी जनपद के सैंकड़ों विद्यालय के शिक्षकों ने चाक डाउन करके विरोध प्रदर्शन किया संयुक्त मोर्चा और शिक्षक महासभा सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करती है।

इलेक्ट्रिक वाहनों का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है

नवाबों का शहर !

हिंदुजा की इकाई लगने से कई लाभ लोगों को मिलेंगे।

लखनऊ (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (मेमो) हुआ है। कंपनी की ओर से दावा किया गया है कि इसे 18 माह में धरातल पर उतार देंगे। अगर ऐसा हुआ तो जानकर बताते हैं कि नवाबों का शहर इलेक्ट्रिक वाहनों का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है। जानकर बताते हैं कि अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटर सिटी के रूप में भी जाना जाएगा।

■ 1500 करोड़ रुपए का एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (मेमो) हुआ है। कंपनी की ओर से दावा किया गया है कि इसे 18 माह में धरातल पर उतार देंगे।

यही नहीं हाल के वर्षो गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था। फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर ही लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है। एमओयू के तहत अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी पर केंद्रित एक एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित करेगा, जो राज्य में अशोक लेलैंड का पहला संयंत्र होगा।

साझेदारी के तहत, अशोक लेलैंड मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें वर्तमान में उपलब्ध ईंधन के साथ-साथ उभरते वैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित अन्य वाहनों को भी असेंबल करने की सुविधा होगी। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह नवीन इकाई आगामी 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षो में कंपनी डीजल बसों और वाणिज्यिक वाहनों के अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदलने की योजना पर काम कर रहे हैं। एसआरएम टाटा मोटर्स के सेल्स हेड अमित श्रीवास्तव कहते हैं कि कोई भी उद्योग निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। हिंदुजा की इकाई लगने से कई लाभ लोगों को मिलेंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसे ही वाहनों पर है। आटो क्षेत्र के विशेषज्ञ बताते हैं कि किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य किमर्शयल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (मेमो) हुआ।

इंडियन आइडल को होस्ट करेंगे हुसैन कुवाजेरवाला

मुंबई (वार्ता)। जानेमाने अभिनेता और मॉडल हुसैन कुवाजेरवाला इंडियन आइडल सीजन 14 को होस्ट करने जा रहे हैं। सानू और विशाल ददलानी एक साथ जज पैनल में शामिल होंगे। आठ वर्षो के लंबे अंतराल के बाद, हुसैन कुवाजेरवाला इंडियन आइडल सीन 14 के लिए होस्ट के रूप में लौट आए है।

हुसैन ने कहा, शो का यह सीजन वास्तव में'संगीत का सबसे बड़ा त्योहार'होगा और मै इंडियन आइडल में वापस आकर बहुत खुश हूं, जिसने इंडस्ट्री में मेरे शुरुआती दिनों में मुझे इतनी पहचान दी। मै वाकई उन रॉ टैलेंट को सुनने का मजा लेता हूं जो हमें देश भर से मिलता है और उनकी यात्रा का हिस्सा बनना एक बेहद खुशनुमा एहसास है।

बाबिल खान को डांस सीक्वेंस की शूटिंग में आई कठिनाई

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के नवोदित अभिनेता बाबिल खान को फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान में डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। वत्सल नीलकांतन और सपन वर्मा द्वारा सह-लिखित,'फ्राइडे नाइट प्लान'01 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रही है। रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित,'फ्राइडे नाइट प्लान'में बाबिल खान,जूही चावला अमृत जयन, मेधा राणा, आध्या आनंद और निनाद कामत की अहम भूमिका है। बाबिल खान को इस फिल्म के एक महत्वपूर्ण सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

बाबिल खान ने बताया कि फिल्म के गाना'बहाने'के की शूटिंग से ठीक दो दिन पहले, उनका घुटना मुड़ गया और वह बहुत दर्द में थे। पूरी तरह से प्रोफेशनल होने के नाते, बाबिल ने ब्रेक लेते हुए और आवश्यक उपचार करते हुए'बहाने'गाने की शूटिंग निर्धारित समय के अनुसार पूरी करने का फैसला किया।

टाइगर 3 से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं सलमान खान

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म निर्माता यश चोपड़ा की जयंती पर आदित्य चोपड़ा 'टाइगर का मैसेज' जारी करेंगे। एक वीडियो जारी किया जाएगा, जिसे प्रमोशन की शुरुआत माना जा रहा है। यह 'टाइगर 3' के ट्रेलर से पहले का वीडियो होगा। एक सूत्र ने कहा, यह वीडियो 'टाइगर 3' के ट्रेलर की प्रस्तावना है। इसमें एजेंट टाइगर के रूप में सलमान खान एक महत्वपूर्ण संदेश देंगे। सलमान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के ओजी हैं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी को आकार देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'टाइगर 3' की सभी पर निगाहें हैं। सूत्र ने आगे कहा, इस दिवाली पर रिलीज होने वाली 'टाइगर ' से उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। यह प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है, इसलिए दर्शकों ने अब तक इस बात पर भारी निवेश किया है। 'टाइगर 3', जो 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर' और 'पठान' का अनुसरण करती है, एक शानदार एक्शन मनोरंजक है, जिसे लोगों ने पहले स्क्रीन पर नहीं देखा है।

परिणीति, राघव ने साझा कीं शादी की तस्वीरें

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पाटी के सांसद राघव चड्ढा ने आखिकार उदयपुर में हुई अपनी भव्य शादी की पहली तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। दोनों ने कहा कि आखिरकार वह 'मिस्टर एंड मिसेज' बनकर धन्य महसूस करते हैं। परिणीति ने अपनी शादी के एक दिन बाद सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी जय माला और फेरे की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। उनके 'घूंघट' की एक तस्वीर पर 'राघव' लिखा हुआ दिख रहा है। तस्वीरों को कैप्शन दिया गया था: नाश्ते की मेज पर पहली बातचीत से, हमारे दिल को पता था। इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे... आखिरकार मिस्टर और मिसेज बनने का सौभाग्य मिला! एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते थे... हमारा आजीवन अब शुरू हुआ है।



राघव और परिणीति ने 24 सितम्बर को यहां लीला पैलेस में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शाम करीब साढ़े चार बजे फेरे लिये। शादी में अन्य मेहमानों में सानिया मिर्जा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरभजन सिंह जैसे नाम शामिल थे। इस जोड़े की शादी हाथी दांत की थीम पर हुई थी और मेहमानों को भी इसी तरह के कपड़े पहने देखा गया था। विदाई के मौके पर शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गाना 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' बजाया गया। शादी के लिए परिणीति ने मनीष मल्होत्रा का डिज़ाइन किया हुआ पर्ल व्हाइट ड्रेस पहना था, जबकि राघव को इस बड़े दिन के लिए उनके मामा और फैशन डिजाइनर पवन सचदेवा की थीम के अनुसार उसी रंग में स्टाइल किया गया था।

फिल्म इंडस्ट्री में विशिष्ट पहचान बनाई देवानंद ने

मुंबई (वार्ता)। लगभग छह दशक तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले अभिनेता-फिल्मकार देवानंद को फिल्म इंडस्ट्री में पहचान बनाने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा था। पंजाब के गुरदासपुर में एक मध्यम वर्गीय परिवार में 26 सितम्बर 1923 को जन्मे धर्मदेव पिशोरीमल आनंद उर्फ देवानंद ने अंग्रेजी साहित्य में अपनी स्नातक की शिक्षा 1942 में लाहौर के मशहूर गवर्नमेंट कॉलेज से पूरी की।

जन्मदिवस आज

देवानंद इसके आगे भी पढ़ना चाहते थे लेकिन उनके पिता ने साफ शब्दों में कह दिया कि उनके पास उन्हें पढ़ाने के लिये पैसे नहीं है और यदि वह आगे पढ़ना चाहते है तो नौकरी कर लें। देवानंद ने निश्चय किया कि यदि नौकरी ही करनी है तो क्यों ना फिल्म इंडस्ट्री में किस्मत आजमाई जाए।

वर्ष 1943 में अपने सपनों को साकार करने के लिये जब वह मुम्बई पहुंचे तब उनके पास मात्र 30 रुपये थे और रहने के लिये कोई ठिकाना नहीं था। देवानंद ने यहां पहुंचकर रेलवे स्टेशन के समीप ही एक सस्ते से होटल में कमरा किराये पर लिया। उस कमरे में उनके साथ तीन अन्य लोग भी रहते थे जो देवानंद की तरह ही फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिये संघर्ष कर रहे थे। जब काफी दिन यूं ही गुजर गये तो देव आनंद ने सोचा कि यदि उन्हें मुंबई में रहना है तो जीवन यापन के लिये नौकरी करनी पड़ेगी चाहे वह कैसी भी नौकरी क्यों न हो। अथक प्रयास के बाद उन्हें मिलिट्री सेन्सर ऑफिस में लिपिक की नौकरी मिल गयी। यहां उन्हें सैनिकों की चिट्ठियों को उनके परिवार के लोगों को पढ़कर सुनाना होता था।

मिलिट्री सेन्सर ऑफिस में देव आनंद को 165 रुपये मासिक वेतन मिलना था जिसमें से 45 रुपये वह अपने परिवार के खर्च के लिये भेज देते थे। लगभग एक वर्ष तक मिलिट्री सेन्सर में नौकरी करने के बाद वह अपने बड़े भाई चेतन आनंद के पास चले गये जो उस समय भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) से जुड़े हुए थे। उन्होंने देव आनंद को भी अपने साथ इप्टा मे शामिल कर लिया। इस बीच देवानंद ने नाटकों में छोटे-मोटे रोल किये। वर्ष 1945 में प्रदर्शित फिल्म'हम एक हैं' से बतौर अभिनेता देवानंद ने अपने सिने कॅरियर की शुरुआत की। वर्ष 1948 मे प्रदर्शित फिल्म 'जिद्दी' देव आनंद के फिल्मी कॅरियर की पहली हिट फिल्म साबित हुई । इस फिल्म की कामयाबी के बाद उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र मे कदम रख दिया और नवकेतन बैनर की स्थापना की।

नवकेतन के बैनर तले देवानंद ने वर्ष 1950 में अपनी पहली फिल्म 'अफसर' का निर्माण किया जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी उन्होंने बड़े भाई चेतन आनंद को सौपी। इसके बाद देवानंद ने अपने बैनर तले वर्ष 1951 में 'बाजी' बनाई। गुरुदत्त के निर्देशन में बनी फिल्म'बाजी'की सफलता के बाद देवानंद फिल्म इंडस्ट्री मे एक अच्छे अभिनेता के रूप मे शुमार हो गए।

टेस्ला के ह्यूमनॉइड रोबोट ने किया योग, नमस्ते

नई दिल्ली (आईएएनएस)। एलन मस्क ने सोमवार को 'ऑप्टिमस' नामक टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट का प्रदर्शन किया, जिसने अरबपति के फॉलोअर्स का ' 'नमस्ते' के साथ स्वागत किया और आराम से कुछ योग मुद्राएं कर सबको चकित कर दिया। अक्टूबर में 'टेस्ला एआई डे' 2022 के दौरान पहली बार प्रदर्शित, ऑप्टिमस को इस बार एक्स मालिक द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में सरल कार्य करते देखा गया है। ऑप्टिमस अब अपने हाथों और पैरों को स्वयं कैलिब्रेट करने में सक्षम है। केवल दृष्टि और संयुक्त स्थिति एनकोडर का उपयोग करके, रोबोट अंतरिक्ष में अपने अंगों का सटीक पता लगा सकता है यह अपने कार्यों को सुचारू रूप से सीखता है, जैसे रंगीन ब्लॉकों को छांटना और सुलझाना, और इसका तंत्रिका जाल केवल दृष्टि का उपयोग करके पूरी तरह से ऑन-बोर्ड चलता है। वीडियो में दिखाया गया है कि दिन भर लंबे समय तक काम करने के बाद रोबोट थोड़ी स्ट्रेचिंग करता है और इसके अंत में नमस्ते करता है। रोबोट में वही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सॉफ्टवेयर और सेंसर हैं जो टेस्ला के उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणाली 'ऑटोपायलट' में मौजूद हैं। इसकी कीमत लगभग 20,000 डॉलर हो सकती है। ह्यूमनॉइड रोबोट लाखों इकाइयों के औद्योगिक उत्पादन के लिए बनाया गया है।

'फुकरे 3' के सेट पर अपने पति अली फजल को याद कर रही ऋचा चड्ढा

मुंबई (आईएएनएस)। 'फुकरे' फ्रेंचाइजी का हिस्सा रही अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने 'फुकरे 3' के सेट पर अपने अभिनेता-पति अली फजल को लेकर कुछ बातें साझा की। अली को कॉमेडी फिल्म में जफर के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है, लेकिन शेड्यूलिंग विवादों के कारण वह फुकरे 3' का हिस्सा नहीं बन सके। फिल्म 'फुकरे' के दौरान ऋचा और अली की प्रेम कहानी परवान चढ़ी थी। ऋचा उस समय को याद करती है जब 'फुकरे' ने उन्हें एक साथ लाने में भूमिका निभाई थी। ऋचा ने कहा, फुकरे के सेट पर अली से मिलना आकस्मिक था। अभिनेत्री ने आगे कहा, हमारी प्रेम कहानी दोस्तों के रूप में शुरू हुई, और यह फिल्म हमारी एक साथ यात्रा के रूप में हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखती है। जैसे ही ऋचा अपने प्रतिष्ठित किरदार, भोली पंजाबन को दोहराने के लिए 'फुकरे 3' के सेट पर लौटीं, उन्हें अली के बिना एक खालीपन महसूस हुआ। ऋचा ने कहा, अली के बिना 'फुकरे 3' पर काम करना एक अनोखा अनुभव रहा है। हमने सेट पर कई अविश्वसनीय क्षण साझा किए हैं, और उनकी उपस्थिति ने हमेशा फिल्म निर्माण प्रक्रिया में खुशी की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है। अभिनेत्री ने कहा, दर्शकों ने उन्हें फिल्म में पसंद किया, अब भी दर्शक अपना असंतोष व्यक्त करते हैं कि वह नई फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और मुझे यकीन है कि फ्रेंचाइजी के दर्शक उन्हें याद करेंगे। यह फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

शुभांगी अत्रे ने घरेलू बागवानी करने पर दिया जोर

मुंबई (आईएएनएस)। 'भाबीजी घर पर हैं' में 'अंगूरी भाभी' की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर अपने विचार साझा करते हुए घर में बागवानी करने की सलाह दी। दुनियाभर में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 26 सितम्बर को 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। शुभांगी ने मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय चिंताओं के प्रभावों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों पर जोर दिया और जिम्मेदार कार्यो का आग्रह किया। अभिनेत्री ने कहा, मैं अपने घर में फलों और सब्जियों की खेती करती हूं और हर किसी से ऐसा करने का आग्रह करती हूं। यह अभ्यास सुनिश्चित करता है कि मैं स्वस्थ भोजन खा रही हूं। यह मेरे घर में एक स्वस्थ वातावरण बनाने में भी योगदान देता है। उन्होंने कहा, घर के अंदर पौधे उगाने और उनका पालन-पोषण करने से मुझे बहुत खुशी और संतुष्टि मिलती है। मैं अपने पौधों की ऐसे देखभाल करती हूं जैसे कि वे मेरे बच्चे हों, और वे जो संतुष्टि लाते हैं वह अद्वितीय है। शुभांगी ने कहा, इसी तरह, मैं हर किसी को अपने घरों, कार्यस्थलों या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करती हूं। आप जिस तृप्ति की भावना का अनुभव करेंगे वह वास्तव उल्लेखनीय है।

'भाबीजी घर पर हैं' के वर्तमान ट्रैक में विभूति (आसिफ शेख) मीडिया उद्योग में अपना करियर शुरू कर रहे हैं, जबकि तिवारी (रोहिताश्व गौड़) व्यावसायिक चुनौतियों से जूझ रहे है। अपने व्यवसाय को चालू रखने के लिए तिवारी ने केडिया के साथ साझेदारी की। 'भाबीजी घर पर हैं' एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

वरिष्ठ भाजपा नेता का शुभचिंतको ने मनाया जन्मदिन

प्रखर रामनगर वाराणसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और संयोजक मीडिया संपर्क विभाग काशी क्षेत्र सतेंद्र सिंह पिंटू का जन्मदिन रावटसगंज एक निजी लान में बड़ी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। मौके पर विभिन्न दल के नेता समाजसेवी और पत्रकार मौजूद रहे। मौके पर जन्मदिन मनाने वाले गणेश कुमार अग्रवाल, आकाश जयसवाल,मनोज सोनकर, नितिन अग्रवाल,धीरज केशरी, आजाद दुबे, राजू पटेल, जितेंद्र यादव, विजयानंद उपाध्याय, संजय यादव,जसवंत सिंह, संजय पांडेय, संजीव राय, सुरेंद्र बहादुर सिंह, अमित राय, आशुतोष सिंह आंसू, रंजय सिंह, प्रमुख जी,बिहारी उपाध्याय, मुकुंद सिंह, नंदलाल चौहान, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, आदि उपस्थित थे।

हल्का लेखपाल पर मकान ध्वस्त कराने का लगाया आरोप

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के चाँदपार में नये पुलिस चौकी के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वही एक दलित ने हल्का लेखपाल पर आवासीय भूमि पर बने मकान को ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत दर्ज कराई है। चाँदपार निवासी कैलास पुत्र अवधू ने मंडलायुक्त को दिये गए शिकायत में आरोप लगाया है कि चाँदपार में आराजी नम्बर 82 जो आवास के लिए आवंटित की गयी है। और उसमें मकान का निर्माण करा रखा है। वर्तमान समय मे पुलिस चौकी के लिए भूमि का अधिग्रहण कार्य चल रहा है। गावँ का हल्का लेखपाल ने जबरजस्ती मकान को ध्वस्त करा दिया है। जब कि बगल के एक व्यक्ति से धन उगाही कर उसे आशीर्वाद दिया है। पीड़ित ने मंडलायुक्त से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। इस बाबत हल्का लेखपाल संजय वर्मा ने कहा कि जितना आवंटन किया गया है। उसमें मकान बना है किसी भी तरह का ध्वस्तीकरण नही किया गया है। शेष और सरकारी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। जिसे खाली कराया गया है।

एसपी ने देर रात जौनपुर के कई थाना प्रभारी बदले, साथ ही दो को किया लाइन हाजिर

प्रखर जौनपुर। जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए देर रात एसपी अजय पाल शर्मा ने किया आधा दर्जन थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल तो गौराबादशाहपुर और जलालपुर के थाना प्रभारियों को एसपी ने लाइन से किया है सम्बद्ध किया है। ट्रांसफर होने वालो में विनित राय को पुलिस लाइन से एसओजी प्रभारी, विनोद सिंह को क्राइम ब्रांच विवेचना सेल से सरपतहा का इंस्पेक्टर बनाए गए, राजेश यादव को खेतासराय से जलालपुर इंस्पेक्टर बनाए गया, अश्वनी दुबे सुरेरी से नेवढ़िया का थानाध्यक्ष बनाया गया, विनय मिश्रा को नेवढ़िया से गौराबादशाहपुर इंस्पेक्टर बनाए गया , प्रियंका सिंह को यूपी डायल 112 से सुरेरी का थानाध्यक्ष बनाई गई, चंदन राय को रामपुर से खेतासराय थानाध्यक्ष बनाया गया, विक्रम लक्ष्मण को सरपतहां से रामपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया। वही लाइन हाजिर होने वाले थानाध्यक्ष में रमेश कुमार गौराबादशाहपुर से पुलिस लाइन व रामसरीख गौतम को पुलिस लाइन से सम्बद्ध किया गया है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री सरकार द्वारा समीक्षा के दौरान एक महिला उ.नि. को जनपद में थाना प्रभारी बनाये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ, जिसके क्रम में एक महिला उप निरीक्षक को थाना प्रभारी बनाया गया है तथा प्रभारी निरीक्षक जलालपुर को थाना प्रभारी पद से इसलिए हटाया गया क्यो कि समीक्षा में कार्यवाही के मामले में यूपी के थानों में से बाटम 10 पर थे।

श्री गणेश पुजनोत्स्व सेवा समिति द्वारा सप्तदिवसीय गणेश पूजा और भंडारा का आयोजन भक्तों में प्रसाद का वितरण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पाण्डेयपुर - भोजुबीर रोड पर महावीर मन्दिर चौराहा स्थित महावीर नगर कालोनी गली नम्बर-2 में श्री गणेश पुजनोत्स्व सेवा समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया सप्तदिवसीय गणेश पूजा और भंडारा का किया गया आयोजन भाजपा के क्षेत्रीय नेता संजय पाण्डेय द्वारा बताया गया की 19 सितम्बर कों श्री गणेश पुजनोत्स्व सेवा समिति द्वारा सप्तदिवसीय गणेश पूजा मूर्ति की स्थापना किया गया जिसमें की पूजा समिति के आयोजक सम्पूर्णानन्द छात्र नेता शास्त्री राज बाबा के रोज सुबह शाम पूजा आरती किया गया साथ ही यहां रोजाना भजन कीर्तन व देवी गीत का किया गया आयोजन। 25 सितम्बर सोमवार कों सप्तदिवसीय गणेश पूजा की अन्तिम दिन डमरू दल सहित 108 बत्ती आरती एवं हवन के साथ रात्रि में भंडारा का आयोजन किया गया भंडारे में 1500 से ज्यादा की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया और उन सभी भक्तगणों कों प्रसाद ग्रहण करने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्री गणेश पुजनोत्स्व सेवा समिति द्वारा आये हुए अतिथिगणों का सम्मान किया गया जिसमें की भाजपा नेता संजय पाण्डेय और शास्त्री राज बाबा द्वारा विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद (भाजपा) अशोक मौर्या ,भाजपा नेता जगदीश त्रिपाठी ,भाजपा नेता अरविन्द कुमार सिंह , पत्रकार बजरंगबली तिवारी , पत्रकार सन्तोष कुमार सिंह ,सरसौली के पूर्व पार्षद (भाजपा) सुनील सोनकर , भाजपा नेता नवनीत श्रीवास्तव ,भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ,भाजपा नेता अशोक पाण्डेय , भाजपा नेता अरविन्द सिंह चन्देल , भाजपा नेता अमित पाण्डेय ,सांख्यिकी विभाग के कौशलेंद्र दुबे, विष्णु मिश्रा ,बृजेश मिश्रा और गौरी केदार मन्दिर के डमरू दल मोनू कसेरा,अंकित कुमार ,विष्णु ,शुभम यादव, आकाश मिश्रा, राज, सोनू , कों माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति के चातुर्मास महानुष्ठान की पूणार्हुति 29 सितंबर को, समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे दिग्गज साधु संत व राजनेता

प्रखर जखनियां गाजीपुर। सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनंदन यति जी महाराज द्वारा श्रावण प्रतिपदा से किए जा रहे चातुर्मास महानुष्ठान की पूणार्हुति शुक्रवार 29 सितंबर को होगी। समापन कार्यक्रम में दिग्गज साधु संतों के साथ ही राजनेतागण हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि अध्यात्म जगत में एक तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति जी महाराज ने सिद्धपीठ की गद्दी पर आसीन होने के उपरांत अपने गुरुजनों की प्रेरणा से उनके ही मार्ग का अनुसरण करते हुए चातुर्मास अनुष्ठान का संकल्प लिया। इस कड़ी में वह सोमनाथ, नागेश्वर महादेव, त्रयम्बकेश्वर महादेव, घृष्णेश्वर महादेव, भीमाशंकर महादेव, ओम्कारेश्वर, महाकालेश्वर, बाबा विश्वनाथ, रामेश्वरम, मल्लिकार्जुन महादेव, केदारनाथ महादेव, बाबा वैद्यनाथ देवधर, परली वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग तथा नेपाल स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पर लगातार प्रवास कर चातुर्मास महायज्ञ संपादित कर चुके हैं। फिलहाल विगत कुछ वर्षों से वह सिद्धपीठ हथियाराम मठ से ही अपना चातुर्मास अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं। चातुर्मास की व्याख्या करते हुए महामंडलेश्वर भवानीनन्दन यति महाराज ने बताया कि चातुर्मास, सनातन वैदिक धर्म में आहार, विहार और विचार के परिष्करण का समय है। यह संयम और सहिष्णुता की साधना करने के लिए प्रेरित करने वाला समय है। इस दौरान तप, शास्त्राध्ययन एवं सत्संग आदि करने का तो विशेष महत्व है ही, सभी नियम सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी बड़ा उपयोगी है। चातुर्मास धर्म, परम्परा, संस्कृति और स्वास्थ्य को एक सूत्र में पिरोने वाला समय माना जाता है। चातुर्मास संयम को साधने का संदेश देता है। बढ़ती असंवेदनशीलता के समय में संयम की यह साधना और भी आवश्यक हो जाती है। संयमित आचरण से हम न केवल मन को वश में करना सीखते हैं, बल्कि हमें धैर्य और समझ भरा व्यवहार करना भी आता है। उन्होंने बताया कि चातुर्मास ऐसा अवसर है, जिसमें हम खुद अपने ही नहीं औरों के अस्तित्व को भी स्वीकार कर उसे सम्मान देने के भाव को जीते हैं। चातुर्मास हमें मन के वेग को संयम की रस्सी से बांधने की प्रेरणा देता है। कहा कि स्वास्थ्य की देखभाल और जागरूकता के लिए भी चातुर्मास का बड़ा महत्व है। चातुर्मास धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आरोग्य विज्ञान व सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को यदि हम केवल तीन शब्दों में कहना या बताना चाहें तो इसका मतलब अर्पण, तर्पण और समर्पण है। इन तीनों में ही त्याग की भावना समाहित है। उन्होंने कहा कि सिद्धपीठ हथियाराम मठ स्थित मृणमयी बुढ़िया माई के पुण्य प्रताप से यहां की माटी चंदन से भी पवित्र है। इस पवित्र भूमि पर किए गए धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती है। आषाढ़ पूर्णिमा (गुरुपूर्णिमा) तिथि पर गुरुपूजा के साथ शुरू हुए इस अनुष्ठान की पूणार्हुति भादों पूर्णिमा के अवसर पर 29 सितंबर को सिद्धपीठ पर किया जायेगा। इस दौरान काशी के प्रकांड वैदिक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूणार्हुति महायज्ञ किया जायेगा। इस अवसर पर संत सभा का आयोजन किया गया है। समापन कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के कई महामंडलेश्वर संत, वैदिक विद्वान व राजनीतिक तथा सामाजिक हस्तियों सहित सिद्धपीठ से जुड़े देश के कोने-कोने से शिष्य श्रद्धालु व गणमान्यजन की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इसके निमित्त सिद्धपीठ पर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मठ की परंपरानुसार यज्ञ की पूणार्हुति पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुण्य लाभ की कामना संग श्रद्धालु भक्तजन महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

रेलिगेयर के लिए खुली पेशकश लाएगा बर्मन परिवार

नई दिल्ली (आईएएनएस)।

बर्मन परिवार से संबंधित संस्थाओं ने सोमवार को रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए रेलिगेयर की वोटिंग शेयर पूंजी का 26% अधिग्रहण करने के लिए खुली पेशकश की घोषणा की।

खुली पेशकश परिवार की हिस्सेदारी बढ़ाने और आरईएल का नियंत्रण लेने के इरादे से की गई है। बर्मन परिवार, अपनी समूह संस्थाओं के माध्यम से, फिलहाल आरईएल में सबसे बड़ा शेयरधारक है, और एम.बी. फिनमार्ट, पूरन एसोसिएट्स, वीआईसी एंटरप्राइजेज और मिल्की इन्वेस्टमेंट के माध्यम से 21% हिस्सेदारी रखता है। यह जानकारी डाबर इंडिया के चेयरमैन एमेरिट्स डा. आनंद सी बर्मन ने दी।

बारावफात व अन्य त्यौहारो के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की पीस कमेटी की बैठक

प्रखर मिजार्पुर। बारावफात व अनंत चतुदर्शी सहित विभिन्न त्यौहारो को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के सभी समुदाय के सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सम्भ्रांतजनो के द्वारा नगर व सड़को पर साफ सफाई पानी, सड़क मरम्मत आदि के दृष्टिगत सुझाव दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी के सुझाव को सुनने के पश्चात कहा कि जनपद के सम्भ्रांतजनो के साथ बैठक कर उद्देश्य है कि जनपद में त्यौहारो को आपसी भाई चारा सद्भाव व शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने कहा कि जनपद मीरजापुर में शान्तिपूर्ण व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का पुराना इतिहास रहा है इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्भ्रांत व्यक्तियों में वरिष्ठजन से अपील है कि वे अपने व आसपास के बच्चों/युवाओं को शान्तिपूर्ण त्यौहारा मनाये जाने के लिये समझाए। उन्होने कहा कि अनंत चतुदर्शी व बारावफात दोनो त्यौहार इस वर्ष एक साथ पड़ रहा है अतः सम्बन्धित उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर रूट चार्ट तैयार कर ले ताकि कही पर विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग व गंगा प्रदूषण के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित करते हुये कहा कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से रूट चार्ट प्राप्त करते हुये दोनो वर्ग के त्यौहारो के मद्देनजर सड़को के मरम्मत आवागमन हेतु सुनिश्चित कराये तथा विद्युत विभाग जुलूस वाले रास्तो पर भ्रमण कर यह देख लें यदि कही तार ढीले हो या बिजली का पोल गड़बड़ हो तो उसे ठीक कराया जाय। उन्होने कहा कि नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा सम्पूर्ण जनपद में बेहतर साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पूर्व तैयारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रो में संयुक्त रूप से भ्रमण कर सुनिश्चित करा ले ताकि त्यौहार मनाने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये जाने में सभी सहयोग अपेंक्षित हैं। पुरानी परम्पराओं के साथ त्यौहार मनाये कही पर कोई गैर परम्परागत गतिविधि न होने दिया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, भू0रा0 सत्य प्रकाश सिंह, नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, चुनार नवनीत सेहारा, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, लालगंज भरत लाल सरोज सहित सभी सम्बन्तिध अधिकारी व विभिन्न समुदाय के सम्भ्रांजन उपस्थित रहें।

फ्यूचर रिटेल के फॉरेंसिक ऑडिट को किशोर बियाणी ने अदालत में दी चुनौती

नई दिल्ली (भाषा)।

कर्ज में फंसे फ्यूचर रिटेल के पूर्व प्रवर्तक किशोर बियाणी ने कंपनी के फॉरेंसिक ऑडिट की प्रक्रिया के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है।

फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक बियाणी ने फॉरेंसिक ऑडिट प्रक्रिया के खिलाफ उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की है। इसमें बैंक ऑफ इंडिया को 29 अगस्त, 2023 को सौंपी गई ऑडिट रिपोर्ट को चुनौती दी गई है। बैंक ऑफ इंडिया एफआरएल का अग्रणी कर्जदाता बैंक है। कंपनी के खिलाफ कर्ज समाधान प्रक्रिया बैंक की अर्जी पर ही शुरू की गई थी। सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक ने एफआरएल की फॉरेंसिक ऑडिट के लिए ऑडिट फर्म बीडीओ को नियुक्त किया था। उसकी ऑडिट रिपोर्ट में किए गए दावों का जवाब देने के लिए बैंक ने किशोर बियाणी और उनके भाई राकेश बियाणी को कहा था।

फ्यूचर रिटेल के खिलाफ कर्ज समाधान प्रक्रिया शुरू करने की समयसीमा 15 सितंबर तक थी। इस अवधि को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने तीसरी बार बढ़ाया था।

नार्थ ईस्ट में हवाई नेटवर्क का विस्तार करेगी सरकार

■ उड़ान 5.0 योजना के तहत इटानगर से तीन नए मार्ग शुरू करने की तैयारी

नई दिल्ली (आईएएनएस)।

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नार्थ ईस्ट में हवाई नेटवर्क का विस्तार करते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को 'उड़ान 5.0 योजना' के तहत अरु णाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर से तीन सीधे मार्गो की घोषणा की।

अरु णाचल प्रदेश में तेजू हवाईअड्डे के नव विकसित बुनियादी ढांचे का उद्घाटन करते हुए सिंधिया ने कहा कि इटानगर से दिल्ली, इटानगर से जोरहाट (असम) और ईटानगर से रूपसी (असम) के लिए उड़ानें जल्द ही चालू होंगी। सिंधिया ने कहा कि 2.50 लाख से अधिक यूडीएएन उड़ानों ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) - यूडीएएन योजना के तहत 1.37 करोड़ से अधिक लोगों को यात्रा करने में मदद की है।

2014 से तुलना करते हुए सिंधिया ने कहा कि 2014 तक अरुणाचल प्रदेश में कोई हवाईअड्डा नही था और नौ साल की अवधि में चार नए हवाईअड्डे विकसित और संचालित किए गए है। उन्होंने कहा, 'तेजू में नया टर्मिनल भवन क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और बढ़ाएगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'

भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने राज्य सरकार के अनुरोध पर तेजू हवाईअड्डे को चालू करने के लिए विकास और उन्नयन कार्य किया। उन्होंने कहा, '170 करोड़ रुपये में किए गए कार्य में रनवे का विस्तार (1500 मीटर 3 30 मीटर) और 2 एटीआर 72 प्रकार के विमानों के लिए एक नए एप्रन का निर्माण, एक नए टर्मिनल भवन का निर्माण और एक फायर स्टेशन सह एटीसी टॉवर का निर्माण शामिल है।'

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की आरसीएस-यूडीएएन योजना के तहत 2018 में तेजू हवाईअड्डे का संचालन किया गया था। हवाईअड्डा इस समय एलायंस एयर और फ्लाईबिग एयरलाइन द्वारा नियमित निर्धारित उड़ानों के जरिए डिब्रूगढ़, इंफाल और गुवाहाटी से जुड़ा हुआ है।

उत्तराधिकार योजना के तहत होल्डिंग कंपनी में तब्दील हो सकती है रिलायंस इंडस्ट्रीज

■ क्रेडिट साइट्स की रिपोर्ट में कही यह बात

नई दिल्ली (भाषा)। विभिन्न कारोबार से जुड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. अंततः एक होल्डिंग कंपनी बन सकती है। इसके तहत प्रमुख कारोबार को संभाल रही स्वतंत्र रूप से काम करने वाली इकाइयों में इसकी बहुलांश हिस्सेदारी होगी। फिच समूह की इकाई क्रेडिट साइट्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

उसने कहा कि कर्ज के मोर्चे पर बेहतर स्थिति के साथ इसके दूरसंचार और खुदरा क्षेत्रों के लिये कमाई परिदृश्य बेहतर रहने का अनुमान है। ये चीजें कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और इसकी बढ़ी हुई पूंजीगत व्यय जरूरतों के बीच रिलायंस की रिफाइनिंग और विपणन क्षेत्र के मामले में कमजोर दृष्टिकोण की भरपाई करती हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल ही में समूह की उत्तराधिकार योजना को आगे बढ़ाया। इसके तहत समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने घोषणा की कि उनके तीनों संतान... आकाश, ईशा और अनंत... को कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल किया जाएगा। अंबानी ने कहा कि वह अगले पांच साल तक चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज में मुकेश अंबानी की उत्तराधिकार योजना शीर्षक से जारी रिपोर्ट में क्रेडिट साइट्स ने कहा, 'हमारा मानना है कि अंबानी की उत्तराधिकार योजना आगे बढ़ेगी। इसका कारण एक ही कर्ता-धर्ता के होने से जुड़े जोखिम कई निवेशकों के लिये चिंता का विषय रहा है।' उसने कहा, 'अंबानी के तीनों संतान को आरआईएल के प्रत्येक प्रमुख इकाई (दूरसंचार, खुदरा और नई ऊर्जा) में नेतृत्व वाले पद दिये गये हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि इस प्रकार से स्पष्ट विभाजन से भाई-बहनों के बीच भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सकता है।' रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराधिकार की जो योजना बनायी गयी है, उसमें ऐसा नहीं है अंबानी अचानक से समूह से बाहर हो जाएंगे। अगर ऐसा होता, तो परिचालन और कंपनी का प्रदर्शन बाधित होता। बल्कि इसमें अगली पीढ़ी को तैयार करना और मार्गदर्शन करना शामिल है। क्रेडिट साइट्स ने कहा, 'हमारा मानना है कि आरआईएल अंततः पूरी तरह से एक होल्डिंग कंपनी (होल्डको) में बदल सकती है।

जागो सरकार, मजदूर आपके द्वार रैली के लिए बैठक आयोजित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर 27 सितंबर 2023 को लखनऊ के इको गार्डेन में अयोजित रैली को सफल बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ और उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन की संयुक्त बैठक की गई जिसमें वाराणसी मंडल से हजारों की संख्या में कर्मचारी शामिल होगें जागो सरकार, मजदूर आपके द्वार नारों के साथ संघ द्वारा पुरानी पेंशन योजना की बहाली एवं अन्य कई मुद्दों को लेकर विशाल रैली आयोजित कर रही हैं। बैठक में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री विशेश्वर राय, विभाग प्रमुख काशी क्षेत्र राकेश पाण्डेय, पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के मंडल मंत्री हरि नारायण शर्मा, संगठन मंत्री विकास केशरी, आर के गिरि, आशुतोष दूबे, रंजीत कुमार, सुरेन्द्र यादव, राहुल यादव, मनु कुमार, अयोध्या गुप्ता, प्रेमचंद्र, रंजीत एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रुपया 19 पैसे की गिरावट के साथ 83.13 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 19 पैसे की गिरावट के साथ 83.13 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों तथा दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी से भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.04 पर कमजोर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 83.04 प्रति डॉलर के उच्चस्तर और 83.15 के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट के साथ 83.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की तेजी के साथ 82.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

दूसरी ओर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में और बढ़ोतरी के संकेत को लेकर चिंता के बीच आयातकों की माह के अंत की डॉलर मांग बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से अमेरिकी मुद्रा मजबूत हुई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी के अनुसार, रुपये की कमजोरी में दो महत्वपूर्ण कारकों का योगदान है - कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और डॉलर इंडेक्स की मजबूती। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.67 हो गया।

सिल्क प्रदर्शनी का आयोजन

लखनऊ। बारादरी में दस दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत हो गई है। इस प्रदर्शनी में साड़ी, सूट, डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी मौजूद प्रदर्शनी में में पूरे भारत के अलग-अलग कोनों से आए भागीदारों ने तरह-तरह की साड़ी उत्पादों के स्टाल लगाए है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि यूपी सरकार के भाषा विभाग के फखरुद्दीन कमेटी के अध्यक्ष तूरज जैदी ने किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शहर में खुशहाली का माहौल बना रहता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परमिंदर सिंह, एमटीवी मॉडल मोहनीश सवितर, आयोजक मानस आचार्य और जावेद मकसूद उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के आयोजक मानस आचार्य ने बताया कि इस सिल्क प्रदर्शनी में अलग-अलग राज्यों से आये बुनकरों के पास विभिन प्रकार के मटेरियल से बनी साड़ी, सूट, डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर मिलेंगे।

अमेजन की मदद से 54 विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा

नई दिल्ली (वार्ता)।

अमेजन.इन ने सोमवार को केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मांलय के अधीन नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स के साथ अपनी साझेदारी के विस्तार और आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान तथा तेलंगाना राज्यों में 54 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में अमेन भविष्य के इंजीनियर कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत छह से नवीं कक्षा तक कंप्यूटर और कृमि बुद्धिमत्ता (एआई) की पढ़ाई कराई जाएगी।

वाहन स्क्रैपिंग नीति के समर्थन का आह्वान

नई दिल्ली (वार्ता)।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सभी हितधारकों से वाहन स्क्रैपिंग नीति का समर्थन करने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सबके लिए अच्छी पहल है इसलिए सभी को इसके स्वागत के लिए आगे आना चाहिए।

गडकरी ने सोमवार को यहां हितधारकों से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी हितधारकों के लिए फायदे की बात है।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने वाहनों की मांग में लचीलापन लाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है और इस क्रम में राजमार्गो के विश्व स्तरीय नेटवर्क को बढ़ाया जा रहा है, इलेक्ट्रोनिक वाहनों का प्रचलन शुरु किया गया है और वाहनों के लिए अनिवार्य स्वचालित फिटनेस परीक्षण जैसे कदम उठाए गये है। उन्होंने कहा कि ऑटो उत्पादन क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए और देश को दुनिया का सबसे बड़ा ऑटो उद्योग बनने में समर्थन देना चाहिए। गडकरी ने इस दिशा में स्क्रैपिंग सुविधाएं स्थापित करने को सबसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इसके लिए जो जरूरी है उस दिशा में सभी को मिलाकर काम करने की जरूरत है।

मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के प्रगति कार्य की ली जानकारी

प्रखर मिजार्पुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथु कुमार स्वामी बी0 ने आयुक्त सभागार में जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, प्राचार्य मेडिकल कालेज आर0बी0 कमल, कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक कर निमार्णाधीन मेडिकल कालेज के कार्य प्रगति व अन्य प्रस्तावित भवन के भूमि आदि के बारे में विस्तृत समीक्षा की। मण्डलायुक्त द्वारा पूर्व में किये गये मेडिकल कालेज के स्थलीय निरीक्षण में पाये गये कमियो की अनुपालन आख्या बारे में जानकारी ली गयी जिस पर प्राचार्य मेडिकल कालेज के द्वारा बताया गया कि अधिकांश कमियो को कार्यदायी संस्था द्वारा दूर लिया गया उनके द्वारा बताया गया कि कुछ कार्य ऐसे है जिससे दो या तीन महीने में पूरा करने में समय लगेगा जिस कार्य चल रहा हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि निरीक्षणोपरान्त पायी गयी कमियो को समय से पूर्ण कराया जाय तथा आगे से मेडिकल कालेज की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया अन्यथा सम्बन्धित कांट्रैक्टर के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मेडिकल कालेज परिसर में आई0सी0सी0यू0 के लिये भूमि उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गयी तथा महिला अस्पताल के भवनो को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। प्राचार्य मेडिकल कालेज ने बताया कि मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिये हास्टल की संख्या बढ़ाने के लिये शासन को पत्र प्रेषित किया गया। बैठक में आडीटोरियम निर्माण, पेयजल आपूर्ति, परिसर में एक और अतिरिक्त पम्प की बोरिंग कराने, नर्सिंग कालेज के लिये भूमि के चयन आदि के बारे में चर्चा की गयी।

81%

उपभोक्ता त्योहारों में करेंगे

आनलाइन शापिंग

नई दिल्ली (वार्ता)। त्योहारी सीजन में खरीदारी की तैयारी कर रहे लोगों में से अधिकांश से ऑनलाइन खरीदारी करने की इच्छा व्यक्त की है।

नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है।

78 प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते है। इसके साथ ही ग्राहक बड़े संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतर ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे है।

इस रिपोर्ट में ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री प्रबंधक मनीष तिवारी ने कहा, 'त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित है और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक है।

एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित है, और इस बात को लेकर आश्वस्त है कि अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल, बिग बिलियन डेज सेल और अन्य ई कामर्स साइट्स पर चलने वाली सेल पूरे भारत में उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध खरीदारी अनुभव, अविश्वसनीय कीमतें, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और उत्पादों का संग्रह और सुविधाएं पेश करेगा।'

गोल्डन मोमेंट

भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ हांगझोउ

युवा तेज गेंदबाज टिटास साधू के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सोमवार को श्रीलंका को 19 रन से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन ही बना सकी। भारत के लिए स्मृति मंधाना (45 गेंद में 46 रन) और जेमिमा रौड्रिग्ज (40 गेंद में 42 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े।

टिटास ने झटके तीन विकेट

चार दिन बाद अपना 19वां जन्मदिन मनाने जा रही साधू ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। साधू ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट निकाल दिए जिनमें श्रीलंकाई कप्तान चामारी अटापट्टू का विकेट शामिल है। भारतीय महिला टीम को झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद एक तेज गेंदबाज की कमी खल रही है। साधू ने प्रतिभा की बानगी पेश की लेकिन कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उसकी असल परीक्षा होगी।

तीसरी बार क्रिकेट शामिल

एशियन गेम्स 1951 से खेले जा रहे हैं। लेकिन क्रिकेट को एंट्री 2010 में मिली। तब ग्वांगझू में पहली बार क्रिकेट खेला गया था। 2014 में इंचियोन एशियन गेम्स में भी क्रिकेट शामिल था, लेकिन 2018 के जकार्ता गेम्स में इवेंट को एंट्री नहीं मिली। अब 9 साल बाद हांगझोऊ एशियन गेम्स में क्रिकेट को फिर एंट्री मिली है।

भारत ने दो स्वर्ण सहित जीते 11 पदक, तालिका में छठे स्थान पर

बेटियों ने क्रिकेट में रचा इतिहास, एशियाड में जीता स्वर्ण

बेटों ने निशानेबाजी में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, रहे शीर्ष पर

भारत की बेटियों ने एशियाई खेलों में इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। यह भारत का एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में पहला पदक है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने किसी एशियाड में हिस्सा नहीं लिया था। दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो स्वर्ण समेत 6 पदक जीते। निशानेबाजी के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भारत के बेटों ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। इसके अलावा, ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य अपने नाम किया। नौकायान में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और दो कांस्य पदक जीते। भारत को अब तक 2 स्वर्ण, 3 रजत, 6 कांस्य पदक मिल चुके हैं।

भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण

ऐश्वर्य को कांस्य

भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टीम स्वर्ण पदक सहित तीन पदक जीते जिससे निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत दो दिन में पांच पदक जीत चुका है। विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई में भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ मौजूदा एशियाई खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे। ऐश्वर्य ने तीसरे स्थान के शूट ऑफ में रुद्रांक्ष को पछाड़कर 228.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। आदर्श सिंह, अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में 1718 अंक से इंडोनेशिया के साथ टाई रहने के बाद कांस्य पदक जीता। चीन ने 1765 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया ने 1734 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

भारत को नौकायन में दो और कांस्य पांच पदक के साथ अभियान खत्म

भारत के नौकायन खिलाड़ियों ने दो स्पर्धाओं में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कांस्य पदक जीते और सोमवार को यहां एशियाई खेलों की वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत पांच पदक के साथ किया। दिन की शुरुआत जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष गोलियान की टीम ने पुरुष फोर स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ की जिसके बाद सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह ने पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक अपने नाम किया।

क्वाड्रपल स्कल्स में भारतीय टीम ने छह मिनट 8.61 सेकेंड का समय लिया। चीन (6:02.65) को स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान (6:04.64) को रजत पदक मिला। भारतीय टीम शुरुआत में चौथे स्थान पर थी लेकिन 2000 मीटर की रेस के अंतिम 500 मीटर में वापसी के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। पुरुष फोर स्पर्धा में भी भारतीय चौकड़ी 2000 मीटर के अंतिम 500 मीटर से पहले चौथे स्थान पर चल रही थी लेकिन शानदार वापसी करते हुए छह मिनट 10.81 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रही।

खबर संक्षेप

सचित्र सेनानायके को मिली जमानत

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके को कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत से सोमवार को जमानत मिल गई। उन्हें खेल भ्रष्टाचार जांच ईकाई ने मैच फिक्सिंग के आरोपों में इस महीने गिरफ्तार किया था। अदालत ने उनके विदेश जाने पर भी रोक लगा दी थी। सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेले हैं। उन पर लंका प्रीमियर लीग 2020 के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है। अदालत ने उन्हें 50 लाख श्रीलंकाई रुपए के निजी मुचलकों पर जमानत दी।

पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने पर ध्यान

हांगझोउ। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों में मंगलवार को जब पूल ए के अपने दूसरे मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की अपनी दर में सुधार करना होगा। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार भारत ने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 से करारी शिकायत दी थी लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम जानती है कि उसे किन क्षेत्रों में सुधार करना है। विशेष कर जब पेनल्टी कार्नर की बात आती है तो भारतीय टीम ने कुछ अच्छे ड्रग फ्लिकर होने के बावजूद मौके गंवाए।

बास्केटबॉल : पुरुष टीम ने मलेशिया को हराया

हांगझोउ। भारतीय टीमों के लिए बास्केटबॉल कोर्ट पर मिला जुला दिन रहा जब पुरुष टीम ने मलेशिया को हरा दिया लेकिन महिला टीम उज्बेकिस्तान से हार गई। पुरुषों के वर्ग में भारत के सहज प्रताप सिंह सेखों ने दस अंक बनाए जिसकी मदद से पूल सी में भारत ने मलेशिया को 20-16 से मात दी। अब भारतीय टीम का सामना बुधवार को मकाउ से होगा। महिला वर्ग में भारत को पूल ए के मैच में उज्बेकिस्तान ने 19-14 से हराया। भारत की वैष्णवी ने नौ अंक बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकी।

अक्षर तीसरे वनडे से आउट गिल और शार्दुल भी बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 27 सितंबर को राजकोट में होना है। टीम इंडिया तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है और तीसरा मैच भी अपने नाम कर कंगारू टीम का सूपड़ा साफ करना चाहेगी। हालांकि, तीसरे मैच से पहले भारतीय टीम को बड़ झटका लगा है।

■ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला कल

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इंदौर में शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल तीसरा मैच नहीं खेलेंगे। गिल के साथ शार्दुल ठाकुर को भी तीसरे मैच के लिए आराम दिया गया है और दोनों खिलाड़ी अपने घर चले गए हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल भी समय रहते फिट नहीं हो पाए हैं। उनकी जगह अश्विन को मौका दिया जाएगा। ऐसे में अक्षर के विश्व कप खेलने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शार्दुल और गिल विश्व कप में भारत के पहले अभ्यास मैच के लिए गुवाहाटी में भारतीय टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन विश्व कप से पहले कुछ खिलाड़ियों के लिए कार्यभार प्रबंधन की योजना पर काम कर रहा है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों के लिए चार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव को आराम दिया गया था।

दिग्गज करेंगे वापसी

रोहित, विराट, कुलदीप और हार्दिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होने वाले तीसरे और अंतिम मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। रविवार को जारी बीसीसीआई के एक बयान में बताया गया कि स्टार गेंदबाज बुमराह को अपने परिवार से मिलने के लिए दूसरे वनडे से छुट्टी दी गई थी। वह भी राजकोट में भारतीय टीम में शामिल होंगे। दूसरे वनडे में उनकी जगह मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया गया था।

श्रीहरि को फिर मिली निराशा, फाइनल में छठे स्थान पर रहे

हांगझोउ। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज एशियाई खेलों में सोमवार को पुरुषों के 50 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में छठे स्थान पर रहे। लगातार दूसरे दिन फाइनल में उतरने वाले नटराज ने 25.39 सेकंड का समय लिया। अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24.40 सेकंड का समय लेते तो उन्हें कांस्य पदक मिल सकता था। रविवार को पुरुषों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में भी वह छठे स्थान पर रहे थे। लिकिथ सेल्वराज पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में 1:01.62 सेकेंड के साथ सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने हीट में 1:01.98 सेकेंड का समय लिया था। पुरुषों की 4x200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भी भारतीय टीम सातवें स्थान पर रही। आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा, कुशाग्र रावत और तनिष जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी ने 7:29.23 सेकेंड का समय लिया।

रोशिबिना ने वुशु में सुनिश्चित किया कांस्य, जीते भानुप्रताप

एजेंसी ▶▶ हांगझोउ

भारतीय खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी ने महिलाओं की 60 किलोग्राम वुशु (सांडा) स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच कर भारत के लिए एक और पदक पक्का कर लिया। रोशिबिना ने अंतिम चार में पहुंच कर कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया।

उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी शुरुआती प्रतिद्वंद्वी कजाखस्तान की ऐमान कार्शिगा को आसानी से पराजित किया।

रोशिबिना देवी ने पिछले एशियाई खेलों में जकार्ता में इसी श्रेणी में कांस्य पदक अपने नाम किया था। पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में सूर्य भानुप्रताप सिंह ने सांड़ा स्पर्धा में उज्बेकिस्तान के इसलोमबेक खायदारोव को शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनाई। पिछले एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने तीन दौर तक चले मैच को 2-1 से जीता।

भानुप्रताप ने विश्व वुशु चैंपियनशिप में भी दो कांस्य पदक जीते है। पुरुषों के 65 किग्रा स्पर्धा में भारत के विक्रांत बालियान को हार का सामना करना पड़ा। बालियान करीबी मुकाबले में इंडोनेशिया के सैमुअल मारबन ने 2-1 से हराया।

पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भारतीय वीजा जारी

एजेंसी ▶▶ इंदौर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सदस्यों को एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारतीय वीजा जारी कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय टीम की हैदराबाद यात्रा में देरी पर वैश्विक संस्था के साथ गंभीर चिंता जताए जाने के कुछ घंटों बाद आईसीसी ने वीजा जारी होने की पुष्टि की।

पाकिस्तान की टीम 27 सितंबर को तड़के भारत के लिए रवाना होगी। टीम को निर्धारित यात्रा से 48 घंटे से भी कम समय पहले वीजा मंजूरी मिल गई। पाकिस्तान 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगा।आईसीसी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'पाकिस्तान को वीजा जारी किया जा चुका है।' वीजा जारी होने को लेकर हालांकि पाकिस्तानी खेमे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

सेंट पैट्रिक स्कूल फाइनल में जीएसएसएस से भिड़ेगा

नई दिल्ली। गत चैंपियन झारखंड का सेंट पैट्रिक स्कूल 62वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग के फाइनल में मंगलवार को हरियाणा के जीएसएसएस अलखपुरा से भिड़ेगा। सेंट पैट्रिक स्कूल ने सेमीफाइनल में मिजोरम के होम मिशन स्कूल को 2-0 से शिकस्त दी।जीएसएसएस अलखपुरा ने दिन के पहले सेमीफाइनल में रिशिका के निर्णायक गोल के दम पर मणिपुर के आनंद पूर्णा स्कूल ऑफ साइंस को पराजित किया। साल 2015 और 2016 की चैंपियन जीएसएसएस अलखपुरा ने क्वार्टर फाइनल में असम के लोहित डिकरोंग एचएसएस को हराया था। मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा 39 गोल करने वाली सेंट पैट्रिक की टीम ने अंतिम आठ मुकाबले में त्रिपुरा स्पोर्ट्स स्कूल को 5-0 से शिकस्त दी थी।

बाबर आजम का पुलिस ने काटा चालान

वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ट्रैफिक नियमों का तांक पर रखकर हाईवे पर स्पीड में गाड़ी चलाने पर पाकिस्तान ट्रैफिक पुलिस ने उनका चालान काट दिया। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। बता दें कि, दावा किया जा रहा है कि, ओवर-स्पीडिंग यानी तेज रफ्तार कार चलाने के कारण बाबर का चालान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाबर आजम लाहौर में ऑडी कार से हाईवे पर ओवर स्पीडिंग कर रहे थे। वहीं बाबर पुलिस की गिरफ्त में आए और उनका चालान कट गया। जिसके बाद यूजर्स सोशल मीडिया पर अपने-अपने अंदाज में रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने इसकी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि, लव स्टोरी जारी है। हालांकि, चार महीने में ये दूसरी बार है जब बाबर को पुलिस ने पकड़ा है। इससे पहले मई महीने में उन्हें लाहौर पुलिस ने कार की नंबर प्लेट का साइज छोटा होने के कारण रोका था। अधिकारी ने तब बाबर को नंबर प्लेट का साइज मानक के अनुसार करने को कहा था। इसके बाद, अधिकारी ने बाबर के साथ सेल्फी भी ली थी, जो बहुत वायरल हुई। वहीं बाबर ने इस संबंध में अपनी सफाई भी दी थी। फिलहाल, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को भारत का वीजा मिल गया है। जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम एंड स्टाफ 27 सितंबर को वनडे वर्ल्ड कप खेलने भारत आएगी। वहीं हैदराबाद में वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान टीम को दो अभ्यास मैच खेलने हैं।

अंकिता और ऋतुजा प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची

भारतीय जोड़ी बोपन्ना-युकी की अप्रत्याशित हार

एजेंसी ▶▶ हांगझोउ

एक बड़े उलटफेर में स्वर्ण पदक के दावेदार शीर्ष वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी सोमवार को टेनिस पुरुष युगल में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गए। भांबरी खेल के आखिरी हिस्से में लय हासिल करने के लिए जूझते नजर आए।

उज्बेकिस्तान के सर्जेइ फोमिन और खुमोयुन सुल्तानोव ने यह मुकाबला 2-6, 6-3, 10-6 से जीता। यह हार भारतीय जोड़ी को बहुत खलेगी क्योंकि बोपन्ना युगल में शीर्ष दस खिलाड़ियों में है और भांबरी भी शीर्ष सौ में हैं जबकि उज्बेक टीम शीर्ष 300 में भी नहीं है। 43 साल के बोपन्ना 2018 में दिविज शरण के साथ पुरुष एकल का स्वर्ण जीत चुके है। बोपन्ना ने बाद में रुतुजा भोसले के साथ मिश्रित युगल में उज्बेकिस्तान के अक्गुल अमामुराडोवा और मैक्सिम शिम की जोड़ी को शिकस्त दी। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 6-4, 6-2 की जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अंकिता रैना ने दूसरे दौर के मैच में एक भी गेम नहीं गंवाया और 51 मिनट में उज्बेकिस्तान की 17 वर्ष की सबरीना ओलिमजोनोवा को 6-0, 6-0 से हराया।

भोसले की प्रतिद्वंद्वी विश्व रैंकिंग में 746वें स्थान की खिलाड़ी थी लेकिन उसे जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कजाखस्तान की इस खिलाड़ी को उसने 7-6, 6-2 से हराया। पहला सेट करीब सवा घंटे तक चला और 336वीं रैंकिंग वाली भोसले को जीत के लिए जूझना पड़ा।

रामकुमार को वॉकओवर

पुरुष एकल में रामकुमार रामनाथन को बिना खेले ही दूसरे दौर में प्रवेश मिल गया। उनके प्रतिद्वंद्वी ताजिकिस्तान के सुनातुलो इसरोइलोव मुकाबले के लिए पहुंचे ही नहीं। पुरुष युगल में रामकुमार और साकेत माइनेनी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने इंडोनेशिया के इगनाशियस एंथोनी सुसांतो और डेविड एगुंग सुसांतो को 6-3, 6-2 से हराया।

यूपी के स्कूल में हुए थप्पड़ कांड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा...

केंद्र सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए

उप्र के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए एक आईपीएस अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया।

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। जस्टिसद्वय अभय एस ओका व पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए के एक आईपीएस अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है।

मणिपुर हिंसा के विस्थापितों के खोए आधार बनाए

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर हिंसा से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि हिंसा के दौरान जिन विस्थापित लोगों के आधार कार्ड खो गए हैं, उनके आधार कार्ड बनाए जाएं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिसद्वय जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यूआईडीएआई के रिकॉर्ड और बायो-मेट्रिक्स का मिलान करने के बाद ही आधार कार्ड जारी किए जाएं। कोर्ट ने कहा यूआईडीएआई के पास पहले से बायो-मैट्रिक्स मौजूद हैं, जिसकी मदद से वह सत्यता की जांच कर आसानी से आधार कार्ड बना सकता है।

सुप्रीम कोर्ट में पहली बार मूक-बधिर वकील ने लड़ा केस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में 22 सितंबर को पहली बार एक मूक-बधिर वकील सारा सनी ने केस की पैरवी की। ष्छुद्व की अध्यक्षता वाली बेंच ने वर्चुअल माध्यम से मामले की सुनवाई की। मामले में एडवोकेट सारा सनी की इंटरप्रेटर सौरभ रॉय चौधरी थे, जिन्होंने सारा के इशारों को समझकर कोर्ट के सामने उनके तर्क पेश किए।

पहले कोर्ट के कंट्रोल रूम ने सारा के इंटरप्रेटर सौरभ को पूरी सुनवाई के दौरान अपना वीडियो ऑन रखने की अनुमति नहीं थी, लेकिन जब बेंच ने देखा कि वो कितनी तेजी से सारा के इशारों को समझकर कोर्ट में तर्क दे रहे हैं तो सौरभ से भी वीडियो ऑन करने के लिए कहा गया।

दरअसल, सौरभ कोर्ट में जिस तरह से सारा के इशारों को समझकर उसे कोर्ट को बता रहे थे, उससे जाहिर ही नहीं हो रहा था कि सारा अपनी बात इशारों में कह रही है। ऐसे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित सुनवाई के लिए वर्चुअली जुड़े सभी लोग सौरभ को देखने की जिज्ञासा हुई। वहीं, सुनवाई खत्म होने के बाद सभी ने सौरभ के काम की तारीफ भी की।

सीजेआई खुले विचारों वाले इंसानः सारा

मामले पर एडवोकेट सारा ने मीडिया से बात करते हुए सौरभ और ष्छुद्व की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीजेआई खुले विचारों वाले शख्स हैं, उनकी वजह से दिव्यांगों के लिए नए मौके पैदा हुए हैं। मामले की सुनवाई के लिए मैं वहां नहीं थी। इसीलिए मेरी सीनियर संचिता ने केस की सुनवाई वर्चअली करने की व्यवस्था की। वे साबित करना चाहती थीं कि दिव्यांग लोग भी किसी से पीछे नहीं हैं। पिछले साल सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में कॉम्प्रिहेंसिव एक्सेसिबिलिटी ऑडिट का आव्हान किया था। उनके इस कदम का उद्देश्य न्याय प्रणाली को सुलभ बनाना और स्पेशल लोगों की चुनौतियों को समझना था। सीजेआई इस साल की शुरुआत में अपनी दो दिव्यांग बेटियों को लेकर कोर्ट पहुचे थे।

गणेश विसर्जन

चेन्नई में गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान पट्टिनापक्कम समुद्र तट पर भगवान श्री गणेश की विशाल प्रतिमाएं विसर्जित की गई थी, जो तट पर बह कर पुनः आ गई।

वॉशिंगटन में 'विश्व संस्कृति महोत्सव' होगा आयोजित

वाशिंगटन। अमेरिकी राजधानी वाशिंगटन विविधता और एकता के एक अविस्मरणीय और भव्य उत्सव, आर्ट ऑफ लिविंग के 'विश्व संस्कृति महोत्सव' के चौथे संस्करण की मेजबानी करने जा रही है। इस सप्ताह के अंत में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक पूरे विश्व की दृष्टि अमेरिका के वाशिंगटन डी.सी. पर होगी। प्रतिष्ठित वक्ताओं में संयुक्त राष्ट्र के 8वें महासचिव बान की मून, भारत के विदेश मंत्री, एस. जयशंकर; यू.एस.सर्जन जनरल, डॉ. विवेक मूर्ति; अमेरिकी सीनेटर, रिक स्कॉट; नैन्सी पेलोसी तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द सहित कई अन्य पूर्व और वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष और नेतागण सम्मिलित हैं। अमेरिकी राजधानी की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि में स्थापित कार्यक्रम का मंच ही अकेले एक फुटबॉल मैदान के आकार का है। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के 17,000 कलाकारों, कई राष्ट्राध्यक्षों और विचारकों की एक विशाल सभा भाग लेने जा रही है, जो नेशनल मॉल में एकत्रित होगी।

एआईएडीएमके ने भाजपा और एनडीए से नाता तोड़ा

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव हुआ पास

चेन्नई। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राजग से अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया।

अन्नाद्रमुक आज से भाजपा व एनडीए गठबंधन से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व लगातार पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कैडर के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने कहा था कि उनका भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और गठबंधन को लेकर चुनाव के समय विचार किया जाएगा।

आईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने यह बयान दिया था। उन्होंने साफ किया था कि यह उनका निजी बयान नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी का स्टैंड है। डी जयकुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के दिग्गज नेता सीएन अन्नादुरई की आलोचना की और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके नेताओं के खिलाफ भी बयानबाजी की और दिवंगत पूर्व सीएम जे जयललिता की भी आलोचना की थी।

लीबिया में बाढ़ से 64 फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्लाह, (एजेंसी)। पूर्वी लीबिया में विनाशकारी बाढ़ के कारण कम से कम 64 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी, जबकि 10 अन्य अभी भी लापता हैं। फिलिस्तीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के राजनीतिक सलाहकार अहमद अल-दीक ने कहा कि हम लीबिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फिलिस्तीनी समुदाय की स्थितियों पर नजर रख रहे हैं, ताकि इससे होने वाले बड़े नुकसान का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम उनके (पीड़ितो के) परिवारो और रिश्तेदारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उम्मीद है कि लापता लोग जीवित पाए जाएंगें।

बांग्लादेश में डेंगू से मृतक संख्या 900 से अधिक

ढाका, (एजेंसी)। बांग्लादेश में इस साल अब तक डेंगू बुखार के 187,725 मामले सामने आए हैं जिनमें से 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।स्वास्थ्य विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए। देश में स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह 8:00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 16 और मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए।

अमृतसर की सीमा के पास पाक ड्रोन बरामद

जालंधर, (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती महावा गांव से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि सुबह सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों ने गांव महावा के पास संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को रोका। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस के साथ गहराई वाले क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान सुबह करीब सवा नौ बजे ग्राम-महावा के बाहरी इलाके में धान के खेत से एक ड्रोन बरामद हुआ।

कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान

इससे 5 करोड़ लोगों के मौत की आशंका WHO ने इस डिसीज को X नाम दिया

लंदन, (एजेंसी)। ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। डब्ल्यूएचओ ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज को एक्स नाम दिया है। वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं। म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़त जाता है।

आप के 32 एमएलए मेरे संपर्क में: प्रताप सिंह बाजवा

चंडीगढ़, (एजेंसी)। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी के 32 विधायक उनके संपर्क में हैं। साल 2022 में वे पंजाब की कादियान विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनकर विधानसभा पहुंचे थे। बाजवा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है, जिसमें वे कह रहे हैं, पंजाब की सभी 13 सीटें (लोकसभा) पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। हमारा साथ दो, आम आदमी पार्टी के कम से कम मौजूदा 32 विधायक मेरे संपर्क में हैं और 18 हमारे पास पहले से हैं। काम नजदीक पहुंच गया है, थोड़ा सा जोर और लगाएंगे और जीत कर देंगे। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने 117 में से 92 सीटें, कांग्रेस ने 18 और शिरोमणि अकाली ने 3 सीटें अपने नाम की थीं।

51,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को वीसी के जरिये लगभग 51,000 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। पीएम इस अवसर पर अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देश भर में 46 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं।

केरल में सेना के जवान की पिटाई, पीठ पर लिखा 'पीएफआई', पुलिस करेगी जांच

तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)। दक्षिणी केरल के कोल्लम जिले में रविवार रात छह लोगों ने कथित तौर पर एक सैनिक की उनके घर के निकट पिटाई की और उनकी पीठ पर हरे रंग से 'पीएफआई' लिख दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि कथित घटना रविवार रात यहां कडक्कल में सैनिक के घर के पास उस समय हुई जब वह अपनी बाइक पर घर लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि सैन्य खुफिया कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और भारतीय सेना के ईएमई कोर में तैनात सैनिक पर कथित हमले की जांच का निर्देश दिया। पुलिस ने कहा कि कथित घटना केरल निवासी सैनिक की छुट्टी के आखिरी दिन हुई। पुलिस के अनुसार अज्ञात छह लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 147, 153 , 323 और 341 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सैनिक की शिकायत के अनुसार, जब वह अपनी बाइक से लौट रहे थे तो उन्होंने अपने घर के पास कुछ लोगों को खड़े हुए देखा। शिकायत में कहा गया है कि जब उन लोगों से पूछा गया कि वे वहां क्यों खड़े हैं, तो उन्होंने कहा कि पास के रबड़ बागान में कोई व्यक्ति नशे की हालत में पड़ा हुआ है और उन्होंने सैनिक से पूछा कि क्या वह उस व्यक्ति को जानते हैं।

वायुसेना में शामिल हुआ सी-295

गाजियाबाद, (ब्यूरो)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 25 सितंबर को भारतीय वायुसेना को उनका पहला सी-295 टैक्टिकल मिलट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन सौंपा। इस विमान को यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से भारतीय वायुसेना के लिए खरीदा गया है। इस तरह के कुल 56 एयरक्राफ्ट्स को भारत ने 21 हजार 935 करोड़ रुपये में खरीदा है। इस एयरक्राफ्ट के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की ताकत में खासा इजाफा होगा।

महाराष्ट्र में अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई 13 अक्टूबर से

मुम्बई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर 13 अक्टूबर से आधिकारिक सुनवाई करने का फैसला किया है। एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना धड़ों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया। सीएम शिंदे का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने यह जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जल्द ही स्पीकर सुनवाई के संबंध में समय सारिणी घोषित करेंगे। अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को तय की गई है।

सत्येंद्र जैन की बेल 9 अक्टूबर तक बढ़ाई, ट्रायल में सहयोग करने नसीहत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत को 9 अक्टूबर तक बढ़ा दिया। हालांकि कोर्ट ने राहत के साथ उन्हें कुछ नसीहत भी दी और कहा कि ट्रायल में सहयोग करें। कोर्ट ने साफ किया कि लंबित जमानत प्रक्रिया का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग केस को लटकाने के लिए ना किया जाए। कोर्ट ने जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई 9 अक्टूबर तक टालते हुए यह बात कही। जैन को 26 मई को स्वास्थ्य कारणों की वजह से अंतरिम राहत दी गई। दो महीने पहले उन्होंने स्पाइन की सर्जरी कराई है। जमानत को अगली सुनवाई तक बढ़ाते हुए जस्टिस एसएस बोपन्ना और बेला एम त्रिवेदी ने की बेंच ने कहा कि यह साफ किया जाता है कि कोर्ट में प्रक्रिया के लंबित होने का इस्तेमाल ट्रायल कोर्ट में प्रक्रिया को विलंबित करने के लिए ना किया जाए। ईडी की ओर से पेश हुए अडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कोर्ट से कहा कि आरोपी की ओर से ट्रायल में देरी के लिए याचिकाएं दायर की जा रही हैं। आप नेता की ओर से विवेक जैन के साथ पेश हुए वरिष्ठ वकील एन हरिनारायण ने आरोपों को नकारा और कहा कि हमने केवल तीन मौकों पर तारीखें ली हैं। केस को नियंत्रण से बाहर की वजहों से टाला गया।

देश की पहली ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस लॉन्च

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में हरित हाइड्रोजन उत्पादन और इस्तेमाल को बढ़ावा देने की मंत्रालय की पहल के तहत सोमवार को दिल्ली में पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस लॉन्च की। केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में हरित हाइड्रोजन उत्पादन और इस्तेमाल को बढ़ावा देने की मंत्रालय की पहल के तहत सोमवार को दिल्ली में पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस लॉन्च की। हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है जो भारत को अपने डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को हासिल करने और स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद कर सकता है।

भारत के टुकड़े-टुकड़े करने की आतंकी पन्नू की चाहत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रडो ने भारत पर जो बयान दिया उसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। अब विदेश में बैठकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को लेकर एनआईए ने बड़ा खुलासा किया है।

चंडीगढ़ और अमृतसर में इस आतंकी की संपत्तियों को जब्त किया साथ ही इसको लेकर तैयार डोजियर में खुलासा किया है कि वह भारत के धर्म के आधार पर टुकड़े-टुकड़े करने की हसरत भी रखता है और चाहता है कि भारत को तोड़ कर कई अलग मुल्क बने। इस

खालिस्तानी झंडा इंडिया गेट पर देखना चाहता है

खालिस्तानी आतंकी का इरादा है कि कश्मीर भारत से अलग हो जाए और मुस्लिमों के लिए उर्दुस्तान नाम का एक अलग देश तैयार हो। इस आतंकवादी के लिए एनआईए ने नया डोजियर तैयार किया है। एनआईए ने मोस्ट वांटेड की लिस्ट ने 2019 में डाला गया था।

महिला की जान लेने वाले मगरमच्छ को मार गिराया

टालोहासी, (एजेंसी)। अमेरिका के दक्षिणपूर्वी प्रांत फ्लोरिडा में एक महिला को अपना शिकार बनाने वाले करीब 13 फीट के मगरमच्छ को मार दिया गया। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक 41 वर्षीय सबरीना पेखम अपने परिवार के साथ शिविर में रह रही थी। महिला पर हमला उस वक्त हुआ, जब वह किसी काम की वजह से नहर के करीब से गुजर रही थी। उसी दौरान घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने उसको अपने जबड़ों में दबोच लिया , जिसके बाद महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पुत्री ब्रियोना डोरिस ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि मां के कैंपसाइट की ओर जाते समय उन पर हमला हुआ होगा। इतने बड़े आकार का मगरमच्छ पहले कभी नहीं देखा। छोटे-छोटे आकार के कई मगमच्छ नहर में रहते हैं। उनसे मेरे बच्चों को भी खतरा है, जो इस क्षेत्र में खेलते-रहते हैं।

आज का इतिहास

- 1580: ब्रिटिश नाविक फ्रांसिस ड्रेक समुद्री रास्ते से पूरे विश्व का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश पहुंचे।
- 1629: स्वीडन और पोलैंड ने अल्टमार्क की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1786: ब्रिटेन और फ्रांस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1820: भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म हुआ।
- 1919: रोटरी क्लब ऑफ इंडिया की कलकत्ता में पहली बैठक हुई।
- 1923: जाने-माने अभिनेता देव आनंद का जन्म हुआ।

Filmiतड़का

मिशन रानीगंज का ट्रेलर रिलीज अक्षय ने बचाई लोगों की जान

शादी के बाद परिणीति की पहली फिल्म होगी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'मिशन रानीगंज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये रेस्क्यू थ्रिलर फिल्म रियल लाइफ कहानी पर आधारित है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा भी हैं। फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को रिलीज होगी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि खदान में काम कर रहे मजदूरों की जान खतरे में हैं। जहां एक तरफ लोग ये मान लेते हैं कि, मजदूर मर चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ जसवंत सिंह गिल बने अक्षय कुमार हर मुमकिन कोशिश करके लोगों की जान बचाने में लग जाते हैं। जब मदद लेकर वो थक जाते हैं तब वो खुद खदान में जाने का फैसला लेते हैं। इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा जसवंत सिंह गिल की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। ये फिल्म रियल कहानी पर आधारित फिल्म है। 34 साल पहले नवंबर 1989 में वेस्ट बंगाल में रानीगंज के कोयला खदान में एक बड़ा हादसा हो गया था, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। ये अब तक का सबसे खतरनाक कोयला हादसा था। इस हादसे में अमृतसर के इंजीनियर जसवंत सिंह गिल ने अकेले 65 लोगों को मौत के मुंह से बाहर निकाला था। 'मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू' इसी हादसे की कहानी बयां करती है।

सलमान खान की भांजी अलिजेह अग्निहोत्री करेंगी एक्टिंग में डेब्यू



फिल्म फर्रे में नजर आएंगी, सलमान ने शेयर किया फिल्म का टीजर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की भांजी अलिजेह अग्निहोत्री जल्द ही एक्टिंग डेब्यू करेंगी। सलमान खान ने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी। उन्होंने अलिजेह की अपकमिंग फिल्म का टाइटल अनाउंस करते हुए पोस्ट शेयर किया है। सलमान खान ने फिल्म का टाइटल बताते हुए लिखा है- सुबह-सुबह एक नया एफ वर्ड सीखा। चार बजे बताऊंगा! फिल्म का टाइटल होगा- फर्रे! यह फिल्म थ्रिलर ड्रामा होगी और यह 24 नवंबर को रिलीज होगी। अब सलमान खान ने फिल्म का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के डायरेक्टर सौमेंद्र पाधी होंगे। फिल्म के टीजर में अलिजेह ऑस्ट्रेलिया के एक स्कूल में पढ़ाई करती दिखाई दे रही हैं।

सोनोवाल ने वाराणसी में विश्वस्तरीय क्रूज टर्मिनल के निर्माण की योजना का किया ऐलान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मेरीटाईम सेक्टर में आपसी सहयोग एवं स्थायी विकास को बढ़ावा देने के सामुहिक प्रयासों के तहत बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने वाराणसी के ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर में आगामी ग्लोबल मेरीटाईम इंडिया समिट 2023 के लिए रोडशो का आयोजन किया` केन्द्रीय बंदगाह, नौवहन एवं जलमार्ग तथा आयूष मंत्री श्री सरबनंदा

जल मार्ग विकास परियोजना और अर्थ गंगा पहल भारत के दृष्टिकोण एवं समर्पण का ठोस प्रमाण हैं

सोनोवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में यूपी एवं नेपाल सरकार से प्रतिनिधि मौजूद रहे` इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय बंदगाह, नौवहन एवं जलमार्ग तथा आयूष मंत्री श्री सरबनंदा सोनोवाल ने वाराणसी में विश्वस्तरीय क्रूज टर्मिनल के निर्माण की योजनाओं की घोषणा की जिससे शहर में जलमार्ग के माध्यम से रिवर क्रूज पर्यटन का विस्तार होगा उन्होंने जलमार्ग के जरिए नेपाल से और नेपाल को माल के स्थानान्तरण को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा हमने सभ्यता के उद्गम स्थल वाराणसी से भारत की इस बदलावकारी यात्रा की शुरूआत की है` प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डायनामिक एवं विजनरी लीडरशिप में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है` जलमार्ग एवं लॉजिस्टिक्स हमारे आर्थिक विकास का आधार हैं ग्लोबल मैरीटाईम इंडिया समिट 2023 इस साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और 10 लाख करोड़ का निवेश सृजित करने के साझा दृष्टिकोण को साकार करेगा इससे देश में युवाओं के लिए 15 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे` मंत्री जी ने स्थायी एवं आधुनिक प्रणाली के निर्माण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा जल मार्ग विकास परियोजना और अर्थ गंगा पहल हमारे समर्पण की पुष्टि करते हैं हमारे मल्टी मॉडल टर्मिनल, आधुनिक गंगा नदी परिवहन एवं 60 कम्युनिटी जैटीज का आधुनिकीकरण, सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने एवं उद्योगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं हम पड़ोसी देशों के साथ आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए गंगा नदी पर क्रूज ला रहे हैं यह बदलाव हरित एवं स्थायी है तथा पर्यावरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है` भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण बिहार के कालूघाट में इंटर मॉडल टर्मिनल का निर्माण कर रहा है यह टर्मिनल दिसम्बर

2023 तक पूरा होने की उम्मीद है और जलमार्ग के जरिए नेपाल को कालूघाट के साथ तथा कालूघाट को हल्दिया के साथ जोड़कर फ्रेट मुवमेन्ट में क्रान्तिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है` उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा,भारत दुनिया की सबसे लम्बी रिवर क्रूज को पूरा कर एमवी गंगा विकास के साथ पर्यटन सेक्टर में भी अग्रणी है हम एक व्यवहारिक प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं और कार्गो मुवमेन्ट,माल के स्थानान्तरण एवं लागत में कमी लाने के लिए देश के सभी बंदरगाहों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदृष्टा मार्गदर्शन में हमने देश भर में कई परियोजनाओं के माध्यम से इनलैण्ड जलमार्गों, तटीय नौवहन एवं समुद्री मार्गों में उल्लेखनीय प्रगति की है` पीएम गति शक्ति पहल के साथ हमने जलमार्ग-उन्मुख परिवहन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं जिससे मल्टीमॉडल फ्रेट शेयर दोगुना होकर 12 फीसदी तक पहुंच गया है और लॉजिस्टिक्स की लागत भी कम हुई है हमें विश्वास है कि हम 2047 तक आत्मनिर्भर भारत मिशन एवं शुद्ध शून्य लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे तथा भारत के आत्मनिर्भर भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित रोडशो ने तीसरे ग्लोबल मैरीटाईम इंडिया समिट 2023 के पूर्ववर्ती की भूमिका निभाई जिसका आयोजन 17 से 19 अक्टूबर 2023 के बीच एमएमआरडीए ग्राउण्ड, बीकेसी, मुंबई में होना है फिक्की की साझेदारी में आयोजित सम्मेलन आपसी साझेदारियों एवं इनोवेशन्स को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है स्वागत सम्बोधन देते हुए संजय बंदोपाध्याय, भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन ने कहा हम भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं जो 9 साल में रू1517 करोड़ से रु 5210.81 करोड़ के आंकड़े तक पहुंचा है इसने कार्गो मुवमेन्ट में 16 फीसदी विकास किया है (2014- 15 के बाद 315 फीसदी), रिवर क्रूज पर्यटन को बढ़ावा मिला है तथा बांग्लादेश म्यांमार, भूटान के साथ अन्तर्राष्ट्रीय साझेदारियां हुई हैं। भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण ने मैया, पश्चिम बंगाल में गंगा पद्मा नदी का उपयोग कर सुल्तानगंज एवं गोदागरी (बांग्लादेश) तक कार्गो के परिवहन के लिए दो निजी टर्मिनल विकसित किए हैं मैया को भारतीय कस्टम अधिनियम की धारा-7 के तहत कस्टम्स पोर्ट घोषित किया गया है जिसमें 2.66 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो (मुख्य रूप से स्टोन चिप्स) की क्षमता है बांग्लादेश के परामर्श में इस मार्ग पर परिवहन जल्द शरू हो जाएगा। इस अवसर पर वाराणसी, अयोध्या एवं मथुरा में इलेक्ट्रिक कैटामरैन के संचालन के लिए भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण और यूपी सरकार के बीच एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए हाल ही में भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण ने महाराष्ट्र राज्य में पीपीपी मॉडल के तहत एनडब्ल्यू का संचालन शुरू किया जिसमें राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016 के तहत 13 नदियों को एनडब्ल्यू (नेशनल वाटरवे राष्ट्रीय जलमार्ग) घोषित किया गया है। श्री बिपिन राजभंदरी रजिस्ट्रार,नेपाल पानी जहाज कार्यालय, भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं परिवहन मंत्रालय, नेपाल ने रोड शो पर कहा नेपाल मेरीटाईम गतिविधियों का केन्द्र है खासतौर पर भारत के साथ हमारा उद्देश्य इस क्षेत्र में उत्कृष्ट भविष्य को सुनिश्चित करना हैं हमने पहले से यात्रा, पर्यटन एवं कारोबार सेगमेन्ट में नेविगेशन प्रयोजन के लिए कई पहलों की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने नेपाल के साथ विशेष कारोबार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया जिसका उद्देश्य जलमार्ग के जरिए माल के आवागमन को सुगम एवं तीव्र बनाना हैं उन्होंने कहा यह समझौता न सिंर्फ दोनों देशों के बीच कारोबार एवं पर्यटन क्षेत्र में आपसी सहयोग के अवसर उत्पन्न करेगा बल्कि मौजूदा कार्यबल के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण को भी बढ़ावा देगा गंगा नदी के उत्तरी निरे पर स्थित कालूघाट टर्मिनल के लिए 82.48 करोड़ का बजट तय किया गया है और यह 77,000 टीईयू को हैण्डल करने में सक्षम है। रोडशो के अवसर पर गणमान्य दिग्गज जैसे दयाशंकर मिश्रा (दयालु) राज्य मंत्री, आयूष, यूपी सरकार, श्री आर लक्ष्मणन, जेएस (आईडब्ल्यूटी) एमओपीएसडब्ल्यू आदि भी मौजूद रहे।

9वें रोजगार मेला में प्रधानमंत्री ने वर्चुअल तरीके से 51009 चयनित अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 9वें रोजगार मेला के अवसर पर प्रधानमंत्री ने वर्चुअल तरीके से 51009 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए वाराणसी समेत देश के 46 शहरों में आयोजित इस कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र पाते हैं नव चयनितो के चेहरे खिल उठे ` बीएचयू के शताब्दी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत सरकार में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल शामिल ने भी अभ्यर्थियों को नियुकित वितरित की एफसीआई , डाक विभाग समेत अन्य केंद्रीय सेवाओ के साथ-साथ राज्य स्तरीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सरकार के मन्सा के अनुरूप

कार्य करने का आग्रह भी किया। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि सरकार नव युवकों को रोजगार देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और पिछले 1 साल में 5 लाख से ज्यादा पदों पर नवयुवकों को रोजगार प्रदान भी किया गया है` इंडिया एलाइंस पर हमला बोलते हुए अनुप्रिया पटेल ने बताया कि गठबंधन में शामिल सभी दलों के अस्तित्व पर संकट था अस्तित्व को बचाने के लिए मरता क्या न करता कि स्थिति को देखते हुए सभी दल एक साथ आए हैं लेकिन सभी के बीच आपसी मतभेद भी है जिसकी तस्वीर समय-समय पर मीडिया में आता भी रहती हैं वहीं नए संसद में 128वें संविधान संशोधन के जरिए नारी शक्ति वंदन बिल दोनों सड़ने में पास होने पर सभी दलों का धन्यवाद देते हुए बताया कि बीते तीन दशकों से लटके महिला बल को पास किया गया।

महिला पत्रकार सुमन तिवारी की सूझबूझ से परिजनों से मिल सका देहरादून का युवराज परिजनों ने दिया धन्यवाद

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। देहरादून से 11 वर्षीय युवराज अपने माता- पिता की डांट से नाराज होकर ट्रेन से वाराणसी चला आया जहां वाराणसी में पत्रकार सुमन तिवारी के किसी जानकार ने इस बच्चे के बारे में सुमन को बताया तो सुमन तत्काल बनारस रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां पर उस बच्चे से सुमन की मुलाकात हुई` सुमन के काफी पूछताछ करने पर भी जब बच्चा कुछ नहीं बता रहा था तो सुमन ने पत्रकारिता के स्तर से युवराज से जानकारी हासिल करना शुरू किया धीरे-धीरे युवराज ने सारी बातें सुमन को बताईं इस बीच सुमन को युवराज की मां का नंबर मिल गया और सुमन ने तत्काल बिना कोई समय जाया किये उसकी मां से बात की और सारी जानकारी उसके माता

और पिता को दी` बच्चे की मिलने की खबर सुनते ही उसके पिता तुरंत ही देहरादून से वाराणसी के लिए निकल लिए जो रविवार कों वाराणसी पहुंचने के बाद सुमन के संपर्क में आए आपको बताते चलें जिस पत्रकार सुमन तिवारी ने इस मामले को संज्ञान में लेकर तत्परता दिखाते हुए एक बच्चे को उसके परिवार से मिलाया उसका सर सुंदरलाल चिकित्सालय बीएचयू में ऑपरेशन होना था अपनी जान की परवाह न करते हुए सुमन ने अपने बच्चों की तरह युवराज को अपने घर रखा और जब उसके पिता और परिजन आए तो उन्हें सर सुंदर लाल चिकित्सालय बीएचयू में बुलाकर उनके लाडले युवराज को उन्हें सौंपा। जाते-जाते परिजनों ने पत्रकार सुमन तिवारी की बहुत प्रशंसा की उन्होंने कहा एक महिला होने के साथ-साथ सुमन अपनी परवाह न करते हुए सबसे पहले उस बच्चे के लिए खड़ी रही इसके लिए वह जीवन भर आभारी रहेंगे।

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का प्रान्तीय सम्मेलन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर 28 सितम्बर को शैक्षिक संगोष्ठी का अयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रान्तीय सम्मेलन के सम्बन्ध में 25 सितम्बर सोमवार कों इंग्लिशिया लाइन स्थित भारतीय शिक्षा मन्दिर इण्टर कालेज के सभागार कक्ष में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें की बताया गया की उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का प्रान्तीय सम्मेलन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शैक्षिक संगोष्ठी 28 सितम्बर को प्रातः10 बजे से महात्मा गाँधी अध्ययनपीठ सभागार, काशी विद्यापीठ में होगा आयोजन। शैक्षिक संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सन्दर्भ में माध्यमिक शिक्षा की चुनौतियाँ है जिस पर सी०बी० एस०सी० के चेयरमैन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य सूत्रधार अशोक गांगुली द्वारा दो सत्रों में चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन में प्रधानाचार्यों तथा शिक्षकों की भूमिका पर भी चर्चा होगी 28 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाले सम्मेलन तथा शैक्षिक संगोष्ठी में प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 500 प्रधानाचार्य भाग लेंगे यह जानकारी उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद, वाराणसी के जिलाध्यक्ष डॉ० चारुचन्द्र राम त्रिपाठी ने पत्रकार वार्ता में दी।

दिलदारनगर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां व प्रभारी निरीक्षक थाना दिलदारनगर के निकट पर्यवेक्षण में वरिष्ठ उप निरीक्षक चन्द्रशंकर मिश्र मय हमराह द्वारा मुखबिरी की सूचना पर अमौरा गाँव स्थित खेल के मैदान के पास से एक व्यक्ति दिनेश राम पुत्र देवमुनी राम नि0 अकोल्ही थाना नुआव रामगढ जनपद कैमूर (भभुआ) बिहार को चोरी की मोटर साइकिल होण्डा साईन नम्बर यूपी61बीडी3301 के साथ गिरफ्तार किया गया, पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया, कि तीन चार दिन पहले मैं भदौरा रोड ग्राम फरीदपुर से उठाया था, जिसके सम्बन्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 160/23 धारा 379/411 भादवि का अभियोग पंजीकृत है। अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है।

शासन के निर्देश पर कुपोषण से बचाव को लेकर हुआ पोषण पाठशाला का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कुपोषण से बचाव को लेकर भारत सरकार के द्वारा 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस पखवाड़े में कुपोषित बच्चों और गर्भवती माता को कुपोषण से बचाव को लेकर कई तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से कई तरह के बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को पोषण पाठशाला का आयोजन दोपहर 12 बजे से 2 तक किया गया जिसकी थीम कुपोषण का प्रकार कारण एवं 6 माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवाएं रहा। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा एक पत्र आया था। जिसके क्रम में सोमवार को पोषण पाठशाला का आयोजन हुआ। जिसमें एनआईसी के माध्यम से वह स्वयं और सीडीपीओ और अन्य लोग शामिल रहे तो वही आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनवाड़ी, मुख्य सेविका, और सुपरवाइजर भी लाभार्थियों के साथ इस पोषण पाठशाला में ऑनलाइन शामिल हुई। उन्होंने बताया कि इस

पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विशेषज्ञों के द्वारा उक्त थीम पर हिंदी में विस्तार से 6 माह से कम बच्चों को कुपोषण से कैसे बचाया जाए । साथ ही साथ स्तनपान का छोटे बच्चों में क्या महत्व है। इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस पाठशाला में कुछ सीडीपीओ और आंगनबाड़ियों के द्वारा भी प्रश्न पूछे गए उस प्रश्न का जवाब विशेषज्ञों के द्वारा दिया गया। पाठशाला में कुपोषण के कारण दुष्प्रभाव एवं प्रकार के साथ ही बीमारी एवं कुपोषण का दुष्चक्र, कुपोषण की अवस्थाएं एवं पहचान के साथ ही वजन लंबाई एवं ऊंचाई लेने के तरीके के साथ ही माप लेते वक्त अक्सर की जाने वाली गलतियों के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया।

निरस्त ट्रेनों के ठहराव के लिए खोला मोर्चा दिया चेतावनी

गहमर रेलवे ठहराव समिति तथा भू०पू०सैनिक संगठन ने दिया एक दिवसीय सांकेतिक धरना

प्रखर गाजीपुर। एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े गांव गहमर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से इस्लामपुर दिल्ली मगध एक्सप्रेस, जयनगर आनंद बिहार गरीब रथ एक्सप्रेस एवं कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस के खत्म हुए ठहराव को पुनः शुरू करने के लिए गहमर रेल ठहराव समीति ने भूतपूर्व सैनिक संगठन के साथ मिल कर एक बार फिर मोर्चा खोल स्टेशन पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया।

सोमवार को पुनः रेल ठहराव समिति ने गहमर रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना के माध्यम से डी आर एम दानापुर एवं रेल अधिकारियों को अगाह किया साथ ही चेताया कि अगर रेल प्रशासन लंबे समय से चल रही हमारी मांग को नहीं मानता है तो हम आगे आने वाले 30 सितंबर से अनवरत आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वक्ताओं के क्रम में अखंड सिंह ने बताया कि कोरोना को

कारण बता कर गहमर रेलवे स्टेशन से 12435/12436 आनंद बिहार -जयनगर- आनंद बिहार गरीब रथ एक्सप्रेस, 20801/20802 इस्लामपुर-नईदिल्ली इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस एवं 15623/ 15624 कामाख्या -भगत की कोठी-कामाख्या एक्सप्रेस का गहमर स्टेशन से ठहराव खत्म खत्म कर दिया गया है। कई बार इस संबंध में रेलवे को अगवत करा कर हम अपनी मॉग रखे लेकिन रेलवे अधिकारीयों पर हमारी मॉगों का कोई असर नहीं हो रहा है। अब हम दिनांक 30 सितम्बर 2023 से रेलवे स्टेशन परिसर में अनवरत अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ जायेगें और यदि उसके बाद भी हमारी मॉगें नहीं मानी गई तो हम ट्रैक जाम कर रेल के पहिये को रोकने का काम करेंगे। इस संबंध में हरे राम सिंह ने कहा कि 27 जुलाई 2021 को गहमर रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन ने समझौता भी किया कि यथाशीघ्र आपकी समस्या का हल हो जायेगा लेकिन आज दो वर्ष बीत जाने के बाद भी समस्या का हल नही हो रहा है। अतः अब हम आन्दोलन को बाध्य हैं। वहीं पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर मार्कण्डेय सिंह ने कहा कि रेलवे सैनिक बाहुल्य गॉव गहमर के गहमर रेलवे स्टेशन को विभाग अभी तक कोविड का गढ़ समझा हुआ है और गहमर की बार बार मॉगों के बाद भी खत्म की गई ट्रेनो का ठहराव गहमर रेलवे स्टेशन पर नहीं दिया जा रहा है।और रेलवे विभाग अपनी मनमानी कर रहा है, यह सैनिकों का घोर अपमान है। इस अवसर पर रेल पुनः ठहराव समिति के सुधीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, भूतपूर्व सैनिक चंदन सिंह, मनोज सिंह, सच्चिदानंद उपाध्याय, हरे राम सिंह, रोहित, रघुराज, बलिराम उपाध्याय, संतोष चौरसिया, प्रशांत इत्यादि मौजूद थे।

डॉक्टर मोहम्मद आबिद खान को मिला बेस्ट एजुकेशनिस्ट अवार्ड

खेतासराय। जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह मे खेतासतराय निवासी मॉडर्न कान्वेंट स्कूल प्रबंधक डॉक्टर मोहम्मद आबिद खान को बेस्ट एजुकेशनिस्ट अवार्ड मिलने पर शिक्षको ने प्रसन्नता जताई है। माडर्न कान्वेंट स्कूल समेत क्षेत्र के कई विद्यालयों के प्रबंधक डॉक्टर मोहम्मद आबिद खान को रविवार को जयपुर में अयोजित सम्मान समारोह मे फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा द्वारा ट्राफी एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। मोहम्मद आबिद खां को यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फार एवर स्टार इंडिया संस्था द्वारा दिया गया है। पुरस्कार मिलने पर माडर्न कांवेंट स्कूल मनेछा के प्रिंसिपल इंतेखाब, कोर्डिनेटर मोहम्मद राशिद खां, सरफराज अहमद, अबुतलहा अंसारी आदि शिक्षको ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

संक्षिप्त खबरें

देशी तमंचा व दो कारतूस संग गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में मंगलवार को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 161/23 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त महबूब पुत्र स्व0 मुन्ना निवासी ग्राम नसीराबाद खुर्द थाना हलधरपुर जनपद मऊ को मुखबिर की सूचना पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अण्डर पास बहद ग्राम हैदरगंज से गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त के ऊपर विभिन्न थानों में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं जिसको गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र नाथ सिंह थाना मरदह, उप निरीक्षक बृजेश यादव थाना मरदह, कांस्टेबल बलवन्त सिंह थाना मरदह, कांस्टेबल विकास भारती थाना मरदह, कांस्टेबल दिलीप कुमार थाना मरदह जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा ब्लाक कोटेदारों की बैठक चिरईगाव ब्लाक पर हुई

प्रखर चिरईगाव वाराणसी। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा द्वारा आज चिर ईगाव ब्लाक के कोटेदारो की बैठक लगी गई। जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने तथा राशन कार्ड में मृतक विवाहित महिला आदि जैसे यूनिट को डिलीट कराने सम्बंधित बातों पर अधिक ध्यान देने को कहा गया सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड 6यूनिट या उससे ऊपर के कार्डों का बनना है। जिसमें समस्त राशन डीलर को भी अपने ग्रामसभा में आयुष्मान कार्ड बनाना। कोटेदारो द्वारा सर्वर की समस्या जिला पूर्ति अधिकारी के समक्ष रखें।बैठक में पूर्ति निरीक्षक पुल्कित वत्स कोटेदार संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी बह्मदेव मिश्रा सुनील कुमार जमुना प्रसाद लक्ष्मी पाण्डेय अशोक मौर्य तथा समस्त ब्लाक के कोटेदार उपस्थित थे।

मेरी माटी मेरा देश वीरों को नमन कार्यक्रम के तहत शहीद के पिता को किया गया सम्मानित

प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। जिला देवकली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा- मांझा में उच्च माध्यमिक विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के सुकमा में ड्यूटी के दौरान नक्सली हमले में शहीद स्व0 महेंद्र प्रताप यादव का शिलापपट्ट लगाकर शहीद के पिता रामदेव यादव को ग्राम पंचायत अधिकारी कमलेश जायसवाल ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा देश भक्ति गीत गया गया। उपस्थित जनों में ग्राम प्रधान नीरज यादव, ग्राम पंचायत सहायक धीरेंद्र यादव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक साथ में अध्यापक एवं ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि दी

फल एवं सब्जी व्यवसायी के यहां से लाखों रुपए नगदी सहित लाखों के गहने उठा ले गए चोर

प्रखर राजगढ़, मिजार्पुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के भींटी गांव निवासी राजेंद्र सोनकर के यहां सोमवार रात चोरों ने पीछे से दरवाजे का ताला तोड़कर लाखों रुपए नगदी एवं लाखों रुपए मूल्य के गहने उठा ले गए। जानकारी के अनुसार 132000 नगद, 7500 ग्राम चांदी की करधनी, 700 ग्राम हाफ करधनी, 500 ग्राम की पैजनी, 400 ग्राम की पायल, 100 ग्राम पायल, दो सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, दो मंगलसूत्र, एक सोने का हार, एक नथिया, एक मांग टीका एवं कान का झुमका की चोरी हुई है।परिवार रात में बरामदे में सोया हुआ था। सुबह घर के अंदर परिजन जब पहुंचे तो ताला टूटा देख कर होश उड़ गए। कमरे में अलमारी एवं अटैची वगैरह में सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था।मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल कर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। राजेंद्र सोनकर हाल एवं सब्जी का कारोबार करते हैं। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्रवासी दहशत में है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं